उ. भा. (अहिर्बु-ध्न्य)	१०	२०	९	१५	अश्वत्थ मूलम्	शूल ज्वर वात व्याधि अतिसा-र कामला रोग	चंदनकर्पूरगंध कमलपुष्प बिल्व गुग्गुलधूप घृतदीप घृतपायस नैवेद्य	तिलाज्य मुद्गमाष	तिलाज्य यव	स्वर्णरजततिल कृष्णवस्त्रदान ब्राह्मण भोजन	ॐ शिवोनामासि स्वधितिस्ते पितानमस्ते अस्तु मामा हिं सीः। निवर्त्तं याम्यायुषे ऽन्नाद्या प्रजननायराजस्पोषायसुप्रजास्त्वा-यसुवीर्याय। ॐ अहिर्बुध्न्याय नमः ॥२६॥	१० हजार
रेवती (पूषा)	१८	१०	९	२०	अश्वत्थ-मूलम्	चित्तभ्रम उरु शु.ज्वर वा.पि.	रक्तचंदनगंध मंदारपुष्प घृतगुग्गुल धूप घृतदीप घृतपायस नैवेद्य	सहवि दध्यन्न	तिलाज्य तण्डुल	रजतवस्त्र पैत्तल. पा.वृ.छा.दा.भो.	ॐ पूषन् तवव्रते वयं नरिष्येम कदाचन स्तोतारस्त इहस्मसि ॥ ॐ पूष्णे नमः ॥२७॥	५ हजार

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(१) जन्मराशि नक्षत्र लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र वा यमघंट कुयोग हो ।

(२) सूर्यवार को मघा द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो ।

(३) सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो ।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११) हो ।

(५) बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा (२।७।१२) आश्ले. हो ।

(६) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया व मघा हस्त हो ।

(७) शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा व श्रवण या रिक्ता आर्द्रा व धनिष्ठा हो ।

(८) शनिवार को नवमी व पूषा. या हस्त वा पूभा. या पूर्णा (५।१०।१५) व भरणी हो ।

(९) सूर्य मंगल शनिवारों को ४।६।९।१२।१४।३० तिथि भरणी कृत्ति. आर्द्रा आश्ले. पूर्वा ३ विशा. ज्ये. धनि. शत. नक्षत्र हो तो मृत्यु व मृत्युतुल्य कष्ट होता है ।

परञ्च जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना । क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं, हां, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है । उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुलादान, गोदान तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है ॥

अथ रोग त्रिनाड़ी चक्रम्

आर्द्रा.	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमा:
पुन	मघा	हस्त	विशा	मूल	श्रवण	पू. भा.	अश्वि	रो.	मध्या:
पुष्य	आश्ले.	चित्रा	स्वा.	पू.षा.	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	मृ.	अन्त्या.

सूर्य नक्षत्र दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र 'रोगत्रिनाड़ी चक्र' में एक ही नाड़ी पर हों तो असाध्य रोगी का मरण होता है, मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निस्संदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोग त्रिनाड़ी चक्र यात्रा तथा रण के समय भी वर्जित करना ।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३ संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०।१८ वां नक्षत्र दंष्ट्रा (दाड़ां) होती हैं । काल के मुख दाड़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रसित पुरुष की मृत्यु पर्यन्त हालत होती है। रोग पर, सर्पादिदर्शन पर, विग्रह-युद्ध में जाने पर, काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है ।

ज्वर यन्त्र

ज्वर आने से पहले यह यन्त्र लिख कर अपनी कलाई पर धूप देकर बांधे तो बारी का बुखार दूर हो। पहले यंत्र सिद्ध कर लेवे फिर लिख कर देना शुरु करे । विधि—सफेद कागज पर अनार की कलम और लाल चन्दन से २१ सौ लिख कर आटे की गोलियां बना मछलियों को डाल देवे ।

ओं

प	व	क	०
३	४९	८	३३
३५	८७	५	३९
५१	७	३	२५

तिथि कष्टावली यन्त्रम्

ति.	तिथीश	कष्टदि.	बलि व दान
१	अग्नि	१२	शर्कराज्य बलि घृतदान
२	ब्रह्मा	५	पायस बलि भोजनदान
३	काम	७	घृतान्न बलि रक्त वस्त्रदान
४	गणेश	१६	मोदकान्न बलि मूंगादान
५	सर्प	२१	पायस बलि दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलिचित्रवस्त्रदान
७	सूर्य	८	पायस बलि ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलिपीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	मिष्टान्नबलि रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलिपीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलिश्वेतवस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्करावलि सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्टान्नबलि क्षौद्रशाकभो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि रौप्यदान
३०.	पितर	१८	पूपकान्नबलि उत्तमान्नभो.

वार कष्टावली यन्त्रम्

वा.	वारेश	क.दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायवसबलि सूर्यदान
चं.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि भौमदान
बु.	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि बुधदान
बृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्वबलि गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधुबलिशुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि शनिदान

कालांगविभाग

कालपुरुष के शिर में मेष राशि का स्थान है, मुख में वृष राशि का, दोनों भुजाओं में मिथुन राशि का, हृदय में कर्क राशिका , उदर में सिंह राशि का, कमर में कन्या राशि का, वस्ति (मूत्राशय) में तुला राशि का, गुप्तेन्द्रिय में वृश्चिक राशि का, उरू (दोनों जंघाओं) में धनु राशि का, दोनों जानू (घुटनों) में मकर राशि का, पिण्डलियों में कुम्भ राशि का और दोनों पादों में मीन राशि का स्थान है । कई एक आचार्य द्वादश [illegible] भाव में हृदय, पंचम भाव में उदर, छठे भाव में कमर, सप्तम भाव में वस्ति, अष्टम भाव में गुप्तेन्द्रिय, नवम भाव में ऊरु, दशम भाव में जानू, एकादश भाव में जंघा, और द्वादश भाव में पादों को जानना । उपरोक्त मेषादि १२ राशि अथवा लग्नादि द्वादश भाव शुभ ग्रहों में युक्त वा दृष्ट हों तो वह अंग पुष्ट और सुन्दर होता है और पापग्रह से युक्त वा दृष्ट हों तो वह अंग [illegible] ार करके फलादेश कहना युक्तियुक्त होता है ।

में धनु राशि का, दोनों जानू (घुटनों) में मकर राशि का, पिण्डलियों में कुम्भ राशि का और दोनों पादों में मीन राशि का स्थान है । कई एक आचार्य द्वादश भावों में भी इन अंगों की [illegible] वा दृष्ट हों तो वह अंग पुष्ट और सुन्दर होता है और पापग्रह से युक्त वा दृष्ट हों तो वह अंग रोगादि से युक्त होता है, अंगों का विचार करके फलादेश कहना युक्तियुक्त होता है ।

ग्रहाः गोचराद्यदशाङ्कमाद्यग्रहकलानिष्टफलशमनार्थं प्रत्यक ग्रहाणां दानपदार्थाः														जपनीय मन्त्राः	समय	समिधः
सूर्य	मणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूँ	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंगा	रक्त गौ	रक्त चन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	सु. उ.	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कर्पूर	श्वेत बैल	श्वेत चन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	संध्या	पलाश
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केसर	कस्तूरी	रक्त बैल	रक्त चन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घ. २	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वपुष्प	हाथदांत	कर्पूर	शस्त्र	फल	९०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक	घोड़ा	पीतफल	१९०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरुवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि	श्वेत घोड़ा	श्वेत चन्दन	१६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सु. उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उड़द	कुलथी	तैल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णाग	भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	संध्या	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तैल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल	घोड़ा	सूर्प	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	रात्री	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तैल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारेल	कंबल	बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्री	कुशा
मुन्था	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कर्पूर	मिसरी	श्वेत चंदन	हाथीदांत	मुथेशवत्	मुन्थेशमन्त्रः		मुन्थेशाकाले

सूर्यादि ग्रहपीड़ासु स्नानार्थमौषधानि—(यथा सिद्धौषधैं रोगान्नश्येयुर्मन्तो भयम् । तथा स्नानविधानेन ग्रहदोषः प्रणश्यति ॥)

सूर्य	चन्द्र	भौम	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मनशिला	पञ्चगव्य	बिल्वछाल	गोबर	मालती पुष्प	इलायची	काले तिल	लोबान	लोबान
इलायची	गजमद	रक्तचन्दन	अक्षत	श्वेत सरसों	मनशिला	सुरमा	तिलपत्र	तिलपत्र
देवदारु	शंख	धमनी	फल	मुलहठी	सुवृक्षला	लोबान	मुत्यरां	मुत्यरां
केशर	सिप्पी	रक्त पुष्प	गोरोचन	मधु	केशर	धमनी	गजदंत	गजदंत
खश	श्वेतचंदन	सगरफ	मधु	मालती		सौंफ	कस्तूरी	छागमूत्र
मुलठी	स्फटिक	मालकंगनी	मोती			मत्यरां		
रक्तपुष्प		मौलसिरी	सुवर्ण			खिल्लां		
रक्तकनेर								

सप्त धान्य—उड़द १, मूंगी २, कणक (गेहूं) ३, छोले (चने) ४, जौ ५, धान्य (तण्डुल) ६ कंगनी ७ ।

अष्टगन्ध—अगर, तगर, कस्तूरी, दोनों कुंकुम, कपूर दोनों चन्दन ।

सर्वग्रहाणां दोषोशान्तये सामान्यमौषधिस्नानम्

लाजवंती (छुई-मुई), कूट, खिल्लां, कांगनी, जव, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि, लोध इन औषधियों के जल से सतीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ानाश होती है, तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शान्ति होती है ॥ गुरु के वचन, देवता ब्राह्मणों की वंदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता; जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह भी पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः) ॥

तीर्थ में मुण्डन विचार—मुण्डनं चोपवासञ्च सर्वतीर्थेष्वयं विधिः । वर्जयित्वा कुरुक्षेत्रं विशालां गिरिजां गयाम् ।

शनि विचारः—गोचरे द्वादशे नेत्रे हृदये जन्मभे शनिः । द्वितीये गुल्फयोर्मध्ये द्यूनादौ च विलोमतः ॥ फलं—नेत्रस्थे शत्रुसन्तापो हृदये मानसी व्यथा । चरणे भ्रमणं देशे देशे संचारयेच्छनिः ॥ अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्—कल्याणी प्रददाति वै रविसुतो राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधि बन्धुविरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम् ॥ मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्निभयं । लोहं शस्त्रभयं सदैवमसुखं कुर्यादसौ सर्वदा ॥ १ ॥ अथ बृहत कल्याणी (साढसती) फलम्—राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये पादौ द्वितीये (२) शनिः । नानाक्लेशं करोति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत । हानिः स्यान्मरणं विदेशगमनं सौख्यं च साधारणम् । रामा ऋद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे बाधवा ॥ २ ॥

गोचरग्रहाणां द्वादश भाव फलबोधक चक्रम्

ग्रहाः	जन्म	द्वितीय	तृतीय	चतुर्थ	पंचम	षष्ठ	सप्तम	अष्टम	नवम	दशम	एका	द्वादश
सूर्य	गमन	हानि	धन लाभ	रोग	दैन्य	ोख्य	यमच	रोग	पाप	सौख्य	धन प्राप्ति	पीड़ा
चन्द्र	पुष्टि	धनलाभ	श्रीः	रोग	सुख	लाभ	धनला.	रोग	मान	सौख्य	लाभ	पीड़ा
मंगल	भय	हानि	श्रीः	वैर	रोग	लाभ	कृशता	नष्ट	रोग	शोक	लाभ	व्याधि
बुध	बन्ध	लाभ	भय	लाभ	शोक	लाभ	क्षय	लाभ	हानि	भोग	सौख्य	क्लेश
गुरु	भय	लाभ	रोग	व्यय	सौख्य	शोक	सौख्य	रोग	सन्मान	दैन्य	धनला.	रोग
शुक्र	सुख	लाभ	धन प्राप्ति	सौख्य	सुत-कष्ट	पीड़ा	विपत्	मित्र-प्राप्ति	धर्मलाभ	दुःख	धनला.	लाभ
शनि	भय	शोक	श्रीः	दुःख	हानि	सौख्य	भय	रोग	पाप	कलह	धनला.	कष्ट
राहु	हानि	धन-नाश	धन प्राप्ति	वैर	शोक	धन प्राप्ति	कलह	पीड़ा	पापकर्म	सौख्य	धन-लाभ	चिंता
केतु	रोग	वैर	सुख	भय	शोक.	लाभ	मार्गक्र.	रोग	दुष्टकर्म	शुभ	कीर्ति	शत्रुभय

अथ ग्रहणामेकगेभोग फलसमयादिज्ञानम्

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	रा. के.	ग्रहाः
मा १	.दि२।	मा १।।	मा. १	म. १२	मा. १	मा ३०	मा. १८	एकक्षभोग
आदी	भांत्ये	भादी	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्त्ये	अन्त्ये	फलसमयः
दि. ५	घ. ३	दि. ८	दि. ७	मा. २	दि. ७	मा ६	मा. ६	गंतव्यराशेः प्राक्फलम्

शनियंत्र मिदम्		
११	७	१४
१३	११	९
८	१५	१०

अथ ग्रहतुष्टचर्थधारणाय मणयः

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यं	मुक्ताफलम्	प्रवाल	पन्ना	पुष्पराग	हीरा	नीलम	गोमेदम्	वैडूर्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	रौप्यम्	ओहम्	आजवर्त	आजवर्त

शनि-यन्त्र विधि

यह यन्त्र शनि वार को भोज पत्र पर लिख कर धारण करने से शनि कृत अरिष्ट निवृत्त करता है।

उपरोक्त गोचर फल जन्म राशि या जन्मलग्न के अंश से आदि लेकर अग्रिम राशि के उतने अंश तक प्रथम भाव एवं द्वादश भावों की अंशों पर कल्पना करने से अधिक मिलता है केवल राशि से फल में अधिक अन्तर रहता है।

अथ शनैश्चरस्तोत्रम्—पिप्लाद उवाच—ॐ नमस्ते कोणसंस्थाय पिंगलाय नमोस्तु ते। नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चांतकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते सौरये विभो! नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च ।। इस स्तोत्र को प्रातः पढने से साडसाती व ढैया की दुःखद पीड़ा नहीं होती ।। अथ शनैश्चर पाद विचार—ग्रहगोचर फल विचार में प्रायः शनैश्चर के राशि बदलने पर सुवर्णादिपाद विचार इस प्रकार देखा जाता है कि शनैश्चर जिस दिन जिस समय राश्यन्तर में जावे उस समय अपनी जन्मराशि से चन्द्रमा (जन्मनिरसे रुद्र सुवर्ण हानि) १।६।११ वें स्थान में हो तो सुवर्ण पाद जानना, फल हानि ।। यदि २।५।९वें हो तो चांदी के पाद आया जानना फल शुभ (द्विपञ्चनन्दा रजतं शुभं च) यदि ४।८।१२ वें हो तो लोह के पाद आया जानना फल कष्ट (चतुरष्टमद्वादशलोहकष्टम्) यदि ३।७।१० वें हो तो ताम्रपाद आया जानना फल शुभ (त्रिसप्तदशमे ताम्रं शुभञ्च) अथ सुवर्ण पादफलं—कुटुम्बरोधं बहुरोगयुक्तं क्लेशोदयं चैव करोति नित्यम्। द्रव्यार्थनाशं बहुलं करोति सुवर्णपादे स्वजने विरोधम् ।। १ ।। अथ रजतपाद फलम्—व्यापारमुग्रं धन-धान्यसम्पत्महत्प्रतापः खलु राजमान्यम्। तद्वर्षमध्ये सुखसम्पदाप्तिः स्यान्मंगलं वै यदि रौप्यपादे ।। २२ ।। अथ ताम्रपाद फलम्—अनन्तलक्ष्मीं प्रकरोति लाभंकलत्रपुत्रैः सुखसम्पदाप्तिम्। लाभोदयं चैव करोति सौख्यं शरीरसौख्यं खलु ताम्रपादे ।। ३ ।। अथ लोहपाद फलम्—शरीरपीडां रुधिरप्रकोपं कलत्रपीडां पशु-पुत्र-पीडाम्। व्यापारनाशं नृपतेर्भयञ्च लोहस्य पादे खलु निर्धनत्वम् ।। ४ ।।

ग्रह पीड़ा नाशकारी नवग्रह मुद्रिका

ई. बुध पन्ना	प. शुक्र हीरा	आ. चन्द्र मोती
उ. बृ. पुखरा.	मध्येसू. माणि.	द. भौम मूंगा
वा. केतु वैडूर्य	प. शनि नीलम	नै. राहु गोमेद

ग्रहाणां दृष्ट्यादि चक्रम्

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	ग्रहाः
३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	०	३।१०	३।१०	ग्रहाणां एकपाददृष्टिः
५।९	५।९	५।९	५।९	०	५।९	५।९	५।९	५।९	द्विपाददृष्टिः
४।८	४।८	०	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	त्रिपाददृष्टिः
७	७	४।७।८	७	५।७।९	७	३।७।१०	७	७	सम्पूर्णदृष्टिः
२२	२४	२८	३२	१६	२५	३६	४२	४२	ग्रहाणां वर्षाणि
हरिवंश श्रवण	त्रिपुर जप	षष्ठी जप	कांस्य दान	अमावस्या व्रत	गोरक्षा	मृत्युञ्जय जप	भुजग दान	ध्वजा दान	नेष्ट ग्रहस्य वर्षे दानोपाय साधनं
कृ. उफा. उषा.	रो. ह. श्र.	मृ. चि. ध.	अश्ले. ज्ये. रे.	पुन.वि. पू. भा.	भ. पूफा. पू. षा.	पुष्य. अ. उभा.	आर्द्रा स्वा. श.	म. मू. अश्वि.	विंशोत्तरी नक्षत्राणि
६	१०	७	१७	१६	२०	१९	१८	७	विंशोत्तरी वर्षाणि
चं. मं. बृ.	र. बु.	र. बृ. चं.	र. रा. शु.	र. चं. मं.	बु. रा. श.	बु. रा. शु.	बु. श. शु.	बु.	मित्र-ग्रहाः
बु.	मं. श. गु. श.	शु. श.	मं. श. गु.	श. रा.	मं. गु.	गु.	गु.	०	सम-ग्रहाः
श. रा. शु.	रा.	बु. रा.	चं.	बु. शु.	र. चं.	र. चं. मं	र. चं. मं.	०	शत्रु-ग्रहाः
मेष १०	वृषभ ३	मकर २८	कन्या १५	कर्क ५	मीन २७	तुला २०	मिथुन १५	धनु १५	उच्चराशयः परमोच्चांशाः
तुला १०	वृश्चि. ३	कर्क २८	मीन १५	मकर ५	कन्या २७	मेष २०	धनुः १५	मिथुन १५	नीच राशयः नीचांशाः
सिंह	कर्क	मे.वृश्चि.	मि. क.	ध. मी.	वृष. तु.	म. कु.	कन्या	मीन	स्वगृहाणि
सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	कर्क	मकर	मूल त्रिकोण
क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	शूद्र	विप्र	विप्र	शूद्र निषाद	निषाद	निषाद	वर्ण
पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	पुरुष	पुरुष	पु. स्त्री. नपुंसक
चतुरस्र	व. स्थूल.	चतुष्को.	वृत्त	वृत्त	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ	पुच्छ	आकार
मध्याह्न	अपराह्न	मध्याह्न	प्रभात	प्रभात	अपराह्न	अपराह्न	अपरा.	अपरा.	समय
पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैऋत्य	नैऋत्य	दिशा
सुवर्ण	रौप्य	सुवर्ण	कांस्य	सुवर्ण	रौप्य	लोह	लोह	लोह	धातु
चतुष्पद	बहुपद	चतुष्पद	द्विपद	द्विपद	द्विपद	भुजगपद	अपद	अपद	पाद
उग्र	सौम्य	उग्र	शुभ	शुभ	शुभ	पाप	पाप	पाप	सौम्यादि
सत्व	सत्व	तम	रज	सत्व	रज	तम	तम	तम	गुण
स्थिर	चर	चर	द्विस्व.	स्थिर	चर	पक्षीस्थिर	चर	पक्षी	चरादि
तिक्त	क्षार	कटु	सर्वरस	मधुर	अम्ल	कषाय	कषाय	कषाय	रस
पशु	जलभू.	दग्ध	श्मशान	वाणी	जलभू	उत्कट	ऊषर	ऊषर	भूमि
पित्त	श्लेष्म	पित्त	समधातु	समधातु	कफशुक्र	वायु	वायु	वायु	पित्तादि
वृद्ध	युवा	युवा	युवा	वृद्ध	युवा	अतिवृद्ध	वृद्ध	वृद्ध	अवस्था
पाटल	गौरश्वेत	रक्त	नील	पीत	श्वेत	नील	धूम्र	धूम्र	रंग
मूल	जीव	धातु	जीव.	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु	धात्वादि
वन	जल	वन	ग्राम	ग्राम	ग्राम	सन्धि	विवर	विवर	स्थान

राशिज्ञाने विशेषः

नक्षत्र वा राशि में श और स में ब और व में कोई भेद नहीं होता, तथा जिस के नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोगजाक्षरे 'नाम्नि ग्राह्यं तत्रादिमाक्ष-रम्)

अथ नक्षत्र राशि नाम चक्रम्

राशयः	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी,	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा
प्रथमचरण	चू	ली	आ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हु	डी	मा	मो	टे	०	पू	पे
द्वितीयच०	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	हे	डू	मी	टा	०	टो	ष	पो
तृतीयच०	चो	ले	०	उ	वी	०	का	ङ	ह	०	हो	डे	मू	टी	०	पा	ण	०
चतुर्थ च०	ला	लो	०	ए	वु	०	की	छ	०	हि	डा	डो	मे	टू	०	पी	ठ	०

राशयः	तुला			वृश्चिक			धनु			मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	चित्रा	स्वाति	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूला	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	अभिजित्	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	०	रू	ती	०	ना	ना	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दू	दे
द्वितीयच०	०	रे	तू	०	नी	या	यो	ध	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीयच०	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०	जा	जो	खे	०	गु	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ च०	री	ता	०	तो	ने	यु	भी	ढ	०	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	दी	[illegible]	चि

नाम्नि ङञणक्२ अनुस्वारमात्रायां न भवन्ति ते । चेद्भवन्ति तदा ज्ञेया इ उ ए च यथाक्रमम् ॥१॥ बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युःकथञ्चन। ततःपश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः ॥२॥ प्रसुप्तो भाषिते येन येनागच्छति शब्दितः । तस्य नामाद्यवर्णो या मात्रा स्वरः स एव हि ॥३॥ अथ जन्मराशि–नामराश्योर्प्रधानता निर्णीयते––विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे । जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशि न चिन्तयेत् ॥४॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशि न चिन्तयेत् ॥५॥ काकिण्यां वर्गशुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता ॥३॥ कुर्यात्षोडश३ कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥७॥ विवाहघटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम् । नामभाच्चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥८॥

अभिजित्–निर्णयः––वैश्वप्रान्त्यांघ्रिः श्रुति-तिथि-भागतोभिजित्स्यात् ॥ उत्तराषाढा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़ के उसके चार भाग करो,उसको अभिजित् का एक चरण मान कर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढा का एक एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़ के जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण का १–१ चरण मानो। उस प्रकार को प्रायः सामान्यगणक नहीं जानते एतदर्थ यहां लिखा गया है । अपने बच्चों का सुन्दर व शुद्ध नाम रखना चाहते हो तो "राश्यभिधान कल्पलता" मोतीलाल बनारसीदास, चौक, बनारस से मंगाइये । मूल्य १।) रु० ।

नक्षत्र विषघटी ज्ञानम्––अब विषघटी के स्पष्ट करने की क्रिया समझ लीजिये । क्योंकि नक्षत्रगुणज्ञानचक्र में नक्षत्रों की विषघटी के मध्यम ध्रुवांक लिखे हैं, इनका स्पष्ट ऐसे करना,यथा––जिस दिन विषघटी देखना है उस दिन के सर्वर्क्ष से उसी नक्षत्र के ध्रुवांक को गुणा कर ६०का भाग देनेसे जो लब्धि मिले वही विषघटी के प्रवेश का समय है और विष-घटी ४ घटी की होती है । इनका भी स्पष्ट करना जरूरी है। उदाहरण––मघा के सर्वर्क्ष ५५को मघा के ध्रुवांक ३० से गुणा कर ६० का भाग देने से लब्धि २७।३० मिले, बस इसी समय से विषघटी का प्रारम्भ हुआ, विषघटी ४ को ५५ के गुणा कर ६० का भाग देने से लब्ध ३।४० मिले, बस इतने समय तक अर्थात् २७।३० से ३१।१० तक शुभ कार्य नहीं करना ।

जन्मकुण्डली से विशेष विचार और इष्ट शुद्धि

लघु भ्राता का जन्म समय जानना––(१)जन्म लग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोड़े जो राशि हो, उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है ।

(२) तृतीयेश, तृतीयस्थग्रह, तृतीयेशस्थ राशीश की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो ।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना––(१) जन्म लग्नेश के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावे, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहिन को कष्ट होता है ।

(२) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावे, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल स्पष्ट घटावे (यथा––ल० तृ०–शे० । द०×मं=यो. शे.––यो=शे.) शेष राशि में जब गोचर का शनि होता है तब भ्रातृकष्ट होता है ।

(३) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, मंगल इन चारों स्पष्टों को जोड़ कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर शनि होता है उस काल में भ्रातृकष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब भ्रातृकष्ट जानिये ।

माता की मृत्यु का समय जानना––(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि वा गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना ।

(२) सुखेश, चन्द्रमा या इनके साथ वाला ग्रह सुखस्थ ग्रह चतुर्थ भाव पूर्णदर्शी ग्रह इनमें जो माता के लिये विशेष अरिष्टकारी ग्रह हो उस ग्रह की दशान्तर्दशा में माता को कष्ट

टिप्पणी––(१) जबौर्जः, यथा ज्ञानचन्द्रस्य मकरराशिः । कषसंयोगे क्षः, यथा क्षेमचन्द्रस्य मिथुनराशिः। एवं घालारामस्य कुम्भराशिः। (२)यथा–ऋषभदेवः ऋतकरामः लृतरामः । (३)गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं ततः । जातकर्माभिधेयं च निष्क्रमप्राशने क्रमात् । [illegible]

[illegible]पातका समय जानना––(१) जन्मलग्नेश पुत्रेश के [illegible] के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता

भावों विचार

सुतोत्पात्त का समय जानना---(१) जन्मलग्नेश [illegible] के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब सन्तान उत्पन्न होती है।

(२) चं० ल० गु० इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवम स्थानेश की दशान्तर्दशा में सन्तानोत्पत्ति होती है।

विवाह स्त्री सुख होने का समय जानना---जन्म लग्नेश सप्तमेश को जोड़ कर जो राशि हो उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े उस राशि में जब गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर में गुरु चन्द्र होते हैं तब विवाह होता है।

(४) शु० चं० सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना---(१) गुलिकस्पष्ट से सूर्यस्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में गोचर का शनि जब हो तब पिता रोगग्रस्त होता है। और उक्त शेष राश्यादि के समय जब गोचर का गुरु होता है तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो तो उसकी दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

पराशरोक्त प्राणपद से जन्मेष्ट काल शुद्ध करना---जहां अटे-सटे से लग्न बनाया गया हो, या जन्मपत्री के लग्न की अपेक्षा लग्न अधिक शुद्ध देखना हो तो इष्टकाल की घड़ियों को ४ से गुणा करें। पल १५ से अधिक हों तो १५ का भाग देकर जो लब्ध आवे वह चारगुणी की हुई इष्ट घटी के अंक में मिला दें। १५ का भाग देने से जो शेष पल रहें उनको दुगुने कर चतुर्गुणित इष्ट घटी के नीचे रखना। पश्चात् १२ का भाग देना शेष राशिअंश बचे उनमें स्पष्ट सूर्य यदि चरराशि का हो तो ज्यों का त्यों, स्थिर में हो तो ८ राशि मिलाकर, द्विस्वभाव, में हो तो ४ राशि मिला देने से राश्यादि प्राणपद बन जाता है। प्राणपद मनुष्यों की कुण्डली में प्रायः १।५।९ स्थान में, पशुओं की कुण्डली में २।६।१० स्थान में, पक्षियों की कुण्डली में ३।७।११ स्थान में और कीट सर्प जलचर जन्तुओं की कुण्डली में ४।८।१२ स्थान में रहता है। लग्न के व प्राणपद के अंश सदा एक समान रहते हैं।

[illegible]वी विचार

(१) पौष मास में मूल नक्षत्र से लेकर भरणी नक्षत्र तक के ११ नक्षत्रों को ध्यान पूर्वक देखकर कापी में लिख रक्खें, यदि इन दिनों में बादल हों तो आगे वर्षाकाल में सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र से लेकर विशाखा तक ११ नक्षत्रों में वर्षा होवे। अर्थात् मूल नक्षत्र में बादल हों तो आगे वर्षाकाल में सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र बर्षता निकले। ऐसे ही पूर्वाषाढा से पुनर्वसु, उत्तराषाढा से पुष्य, श्रवण से आश्लेषा, धनिष्ठा से मघा, शतभिषा से पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद से उ. फा. उ. भा. से हस्त, रेवती से चित्रा, अश्विनी से स्वाति, और भरणी से विशाखा नक्षत्र में वर्षा होवे॥ सुज्ञ जनों को चाहिये कि इन दिनों को अवश्य देखें और विचार पूर्वक अपने पास नोट कर लें जिस से वर्षा का अन्दाजा ध्यान में रहे॥

(२) माघ शुक्ल सप्तमी को पूर्व उत्तर की वायु चले, आकाश बादलों से ढका रहे वा बिजली चमके तो आगामी वर्ष अच्छा होता है, इस दिन आकाश निर्मल हो तो दुर्भिक्ष पड़ता है, निश्चय है।

(३) माघ शुक्ल नवमी को बादल या वर्षा आदि हो तो भाद्रपद में वर्षा अच्छी होती है।

(४) चैत्रकृष्ण में आकाश का निर्मल रहना अच्छा है, यदि यहां मूल से भरणी नक्षत्र तक बादल व वर्षा हो तो अनावृष्टि होती है। पौष में तो इन नक्षत्रों में बादल होना अच्छा है और इधर इस मास में निर्मल रहना अच्छा है॥

(५) चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को वर्षा बिजली या मेघ गर्जन हो तो श्रावण भाद्रपद में वर्षा की खेंच जरूर होती है॥

(६) अश्विनी भरणी नक्षत्र पर सूर्य रहते यदि वायु-शास्त्रसम्बन्धी कोई वर्षा-नाशक अपयोग बना हो, परन्तु कृत्तिका के सूर्य में बिजली छींटे आदि हो जायें तो अशुभ फल नहीं होता है। रोहिणी में तपे, कृत्तिका में छींटे बिजली वा वर्षा हो और मृगशिर में वायु चले तो वर्षाकाल में अच्छी वर्षा होती है, परन्तु रोहिणी में मेघ गर्जे, थोड़ी वर्षा हो या वायु चले, कृत्तिका में तपे पर मेघ गर्जन बिजली छींटे न हों, मृगशीर्ष में तपत हो तो वर्षा में खेंच होती है और दुर्भिक्ष पड़ता है॥

(७) कृत्तिका में यदि वर्षा बूंदा बांदी हो जाय तो वायुमण्डल में यदि पहले कुछ अशुभ योग भी हुए हों तो उनका बुरा फल नहीं होता, वर्षा काल में अच्छा पानी बर्षता है। अतः कृत्तिका के सूर्य में बूंदा बांदी बिजली बादल का होना अच्छा है।

(८) रोहिणी पर सूर्य तब तक सूर्य अच्छा तपना चाहिये, गर्मी अधिक हो तो वर्षा श्रेष्ठ, वायु अधिक हो तो वर्षा की खेंच और वर्षा हो तो पहिले वर्षा की खींच होकर पीछे वर्षा होती है, इन १५ दिनों में वायु, बादल, बिजली वर्षा होना हितकर नहीं, स्वच्छ धूप पड़नी चाहिये, रोहिणी में बूंदाबांदी होने पर वर्षा की खींच जरूर होती है यह अनुभवसिद्ध है, आषाढ़ी पूर्णिमा की वायु अच्छी होने पर भी इसके खेंच का असर तो पहिले होता ही है॥

(९) मृगशिर नक्षत्र पर सूर्य रहे तब तक जोर का पवन चलना अच्छा है, यदि वायु न चले तो वर्षा देर से आती है और काम भी होती है॥

वर्षा विज्ञान।

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र पर रहते नीचे लिखे दिनों में जहां कहीं थोड़ी सी वर्षा हो तो इतने दिनों तक वहां वर्षा न होवे जैसे

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३
७५	५०	४५	४२	३९	३४	२१	३०	२८	२४	२१	१६	१२

रोहिणी में सूर्य प्रवेश के प्रथम दिन थोड़ी सी वर्षा हो तो उस दिन से ७२ दिन तक वर्षा की खेंच रहती है। सूर्य रोहिणी पर रहे उन दिनों में गर्मी ज्यादा पड़े तो आगे वर्षा श्रेष्ठ। वायु से राजाओं में विग्रह। थोड़ी वर्षा से संवत् नेष्ट, दैवात यदि अधिकवर्षा हो जावे और नदियों में वर्षा का जल भी चल पड़े तो अशुभ फल नष्ट होकर वर्षा अच्छी होती है। उन दिनों में बिजली से वर्षा की कमी। अधिक दिन की बिजली से शुभ, बादल की दिशा में वर्षा की कमी। निर्मल दिशा में वर्षा अधिक होती है।

वर्षा ज्ञानसारणी

दिसंबर	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	
जून	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
जौलाई	जू.																	जौ.													
जनवरी	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१
जौलाई	जौ.																	अ.													
अगस्त	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
फरवरी	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८			
अगस्त	अ.																	सि.													
सितंबर	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
मार्च	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	
सितंबर	सि.																			अ.											
अक्टूबर	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अप्रैल	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	
अक्टूबर	अ.																			न.											
नवंबर	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२

वर्षा ज्ञान सारणी से वर्षा जानने की रीति–दिसंबर, जनवरी, फरवरी मार्च इन चारों मासोंकी तारीखों में जिनजिन तारीखों में जहां वर्षा होती है। उसके हिसाब से ही वर्षा ऋतु में जौलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर इन चार मासों में वहां वर्षा प्रायः हुआ करती है। प्राचीन ज्योतिष के वृष्टि विज्ञान के सिद्धान्त से आधुनिक समय से अनुसार भारत में १२ दिसंबर के बाद ही शीत काल में वर्षा साधारण रूप से होने का नियम है। जैसे मान लो कि शीतकाल में लुधियाना में १९ दिसंबर को वर्षा हुई है तो वर्षा ऋतु में वहां २ जौलाई को वर्षा होगी। इसी प्रकार मान लिया कि शीतकाल में १५ जनवरी को देहली में वर्षा हुई है तो ऊपर की वर्षा ज्ञानसारणी यह बता देगी कि वर्षा ऋतु में वहां २९ जुलाई को वर्षा होगी। इसी प्रकार जैसे कि २२ फरवरी को शीतकाल में कहीं वर्षा हुई हो

दशा का भुक्तभोग्य

गत नक्षत्र की घटयादि को ६० में से घटा कर इष्ट घटी पल जोड़ने से भयात होता है। ६० में से घटाये हुए अंकों में प्रवेश नक्षत्र की घटयादि जोड़ने से भभोग होता है। भयात और भभोग की घटियां को ६० गुणा कर पल बना लें, भयात की पलों को दशा के वर्षों से गुणा कर भभोग की पलों से भाग देवें लब्ध अंक वर्ष, फिर शेषांक को १२ से गुणें भभोग के पलों से भाग दें लब्ध मास, फिर ३० से गुणा कर भभोग के पलों का भाग दें लब्ध दिन, फिर ६० से गुणा कर भभोग के पलों का भाग दें लब्धांक घटी, फिर शेष को ६० से गुणा कर भभोग के पलों का भाग दें लब्ध पल होंगे। यह वर्षादि दशा का भुक्त होता है इस को दशा के वर्षों में घटाने से भभोग दशा होगी॥

(दशान्तर्दशा चक्र देखो पृष्ठ १)

द्वादश राशियों का मासिक फलादेश सं० २००७ वि०

राशयः	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ़	श्रावण	भाद्रपद	आश्विन
मेष	स्वास्थ्य खराब, लाभ खर्च सम, पुत्रचिन्ता शत्रुनाश।	धर्म में रुचि, कारोबार मध्यम, वृथा खर्च, यात्रा में कष्ट।	मास का अन्तिम भाग अशुभ, स्वजन मिलाप, लाभ कम।	सन्तति चिन्ता, रक्त विकार लाभ श्रेष्ठ, कारोबार ठीक।	स्त्रीपुत्र चिन्ता, अचानक सफर, जलभय, कारोबार मध्यम।	शरीरकष्ट, किसी जीव का चिन्तालाभ अच्छा, मित्रविरोध हो
वृष	सन्तान कष्ट, राजपक्ष शुभ, नेत्र कष्ट, लाभ कम।	बन्धु चिन्ता, सम्मान हानी, उद्योग निष्फल, खर्च अधिक।	सफर से लाभ, बन्धुओं द्वारा खर्च, नीच भय, शिर पीड़ा।	कुटुम्ब से कष्ट, सफर में भय, पुत्रादिकी चिन्ता, खर्च ज्यादा	शत्रुनाश, लाभ से खर्च ज्यादा, वाहनभय, वायु पीड़ा।	चित्त खिन्न, राज्य से चिन्ता कारोबार मध्यम स्त्री सुख।
मिथुन	यात्रा से लाभ, वाहन सुख, बंधु पीड़ा, रोग भय।	उत्साह वृद्धि, धर्म में रुचि, लाभ अच्छा, शिर पीड़ा।	जल वा अग्नि से भय, शुभ में खर्च, भाग्योदय, लाभ उत्तम।	उदर विकार, शत्रुहानि, लाभ श्रेष्ठ, विवाद में जय।	मित्र बन्धु द्वारा लाभ, नये कार्यं का उत्साह, सुखवृद्धि।	विवादमे जय, लाभ मध्यम, शत्रुनाश, देव तीर्थयात्रा, तथा दर्शन।
कर्क	खर्च विशष, बंधुविरोध, रोगभय, शत्रुभय, उद्वेग।	बन्धु कष्ट, चित्त भ्रम राज्य, चिंता, वृथाविवाद, धनहानी।	स्वास्थ्य में बिगाड़, अचानक यात्रा, मित्र विरोध, लाभकम।	बने बनाये कार्यों में बिगाड़, रोग भय, कारोबार ढीला।	विवाद से हानि शत्रु चिन्ता, भ्रातृ कष्ट, धर्म में प्रवृत्ति।	स्वास्थ्य ठीक, बन्धुओं द्वारा खर्च, लाभ मध्यम, वृथायात्रा
सिंह	वायु पीड़ा, लाभ कम, वृथा व्यय, पशुचिन्ता, यात्रा में कष्ट	कार्य बिगड़े, चित्त उदास, ऋण चिंता, शरीर कष्ट।	रागभय, मित्रसे बिगाड़, कारोबार में हानि, वृथा यात्रा।	जलभय, धर्म में रुचि, कारोबार में गड़बड़ी, वायु पीड़ा।	लाभ मध्यम, मित्रमिलाप, शिर पीड़ा, बेचैनी, गुप्तचिन्ता,	कारोबार में कमी, पैसे की तंगी, मासान्त कुछ शुभ।
कन्या	लाभ से खर्च विशेष, हैरानी, बंधु मिलाप, नीच से भय।	शिरवा नेत्र में, कष्ट शत्रु चिंता, यात्रा में कष्ट, लाभ कम।	कारोबार में हानि, विवाद में खर्च, मित्र से संतोष।	ज्वर वा उदर विकार, लाभ से खर्च विशेष, शत्रु वृद्धि।	शत्रुभय होकर नाश, शरीरकष्ट अकस्मात लाभ धर्ममें रुचि,	विवाद भय, कार्य सिद्धि में विघ्न, चित्तखिन्न, मित्रसे सुख
तुला	लाभ अच्छा, शत्रु नाश, स्वास्थ्य में गड़बड़ी, वृथा चिंता।	लाभ मध्यम, समीप की यात्रा, राज्य पक्ष शुभ, वंश वृद्धि।	स्त्री पुत्रादि द्वारा खर्च, बन्धु कष्ट, यश वृद्धि, चिन्ता नाश।	शिर वा नेत्र में कष्ट, कारोबार में वृद्धि, राज्य से विजय।	ज्वर व रक्त पित्तपीड़ा, बन्धु सुख, वाहनभय, लाभश्रेष्ठ।	पुत्र स्त्री हेतु खर्च, विवाद में जय, रुका हुआ कार्य बने
वृश्चिक	स्वजनबंधु कष्ट, राज्य पक्षशुभ बड़े पुरुषों से मान, लाभ कम	खर्च अधिक, विवाद में जय, गुप्त चिन्ता, धर्म में रुचि।	शत्रु से भय, लाभ उत्तम, देह सुखी, राज पक्ष शुभ।	स्त्री मित्र से सन्तोष, कारोबार उत्तम, बिगड़े कार्य सुधरें।	परिवार में वृद्धि, मित्र से प्रसन्नता गुप्त चिन्ता, लाभ श्रेष्ठ।	यात्रा से लाभ, बिगड़े कार्य की सिद्धि, शरीर कष्ट, यश वृद्धि।
धन	धर्म में अरुचि, विवाद में जय, शत्रुनाश, लाभ उत्तम।	बन्धु सुख, कार्य सिद्ध, पुत्र से संतोष, लाभ अच्छा, शत्रु नाश।	कारोबार ठीक चलते हुवे भी लाभ कम, उत्साह वृद्धि।	इज्जतकी चिन्ता, वृथा भय, शत्रु वृद्धि, बन्धु सुख कोष में कमी।	धर्म में अरुचि, शरीर शिथिल, भाई से संतोष, लाभ अच्छा।	चिन्ता दूर, शरीर कुछ अस्वस्थ लाभ श्रेष्ठ, पशु पीड़ा।
मकर	विवाद में हानि, वृथा यात्रा, गुप्त चिंता वायु विकार।	रक्त विकार, स्वजनों से विरोध, चिंता कष्ट लाभ कम।	गुप्त चिन्ता, शुभ में खर्च, मित्र मिलाप, लाभ में रुकावट।	रोग भय, सन्तान वा शत्रु चिन्ता, कारोबार मध्यम।	राज्य पक्ष अशुभ, स्थान हानि, लाभ से खर्च विशेष।	धर्म कार्य में खर्च, चित्त खिन्न, अंग पीड़ा, लाभ कम।
कुम्भ	बन्धु कष्ट, लाभ अच्छा, चौर भय, मित्र से सुख, शिर पीड़ा।	स्वास्थ्य अच्छा, कारोबार उत्तम, वृद्धजनों की चिन्ता।	स्त्री पुत्र चिन्ता, लाभ अच्छा, अग्नि वा जल का भय, यात्रा में सुख।	वायु विकार, उद्योग करते हुवे भी लाभ कम, बन्धु हानि।	कारोबार शिथिल, नये काम का विचार, स्त्री पुत्र चिन्ता।	उदर विकार, शत्रु नाश, कारोबार कुछ ठीक, मित्र सुख।
मीन	चित्त में उद्वेग, कारोबार ठीक, शत्रुनाश, स्वास्थ्य खराब।	उत्साह वृद्धि, व्यापार से लाभ, शुभ कार्यों में खर्च, पशु लाभ।	अचानक कष्ट, विवाद में जय, सेवक वा मित्र से विरोध।	बन्धु सुख, उत्साह वृद्धि, लाभ श्रेष्ठ, पुत्र स्त्री चिन्ता।	लाभ मध्यम, शुभ में खर्च, झगड़े से हानि, स्वास्थ्य खराब	गतमास की अपेक्षा ठीक शुभ विचार, वायु विकार।

सूचना—उपर्युक्त राशिफल सामूहिक रूपेण स्थूल मानसे मिलता है सूक्ष्मयथार्थ मासिकफल जानना चाहें तो अपना वर्ष फल बनवाईये।

द्वादश राशियों का मासिक फलादेश सं० २००७ वि०

राशयः	कार्तिक	मार्गशीर्ष	पौष	माघ	फाल्गुन	चैत्र
मेष	चित्तभ्रम, लाभ श्रेष्ठ, राज्य पक्ष से चिन्ता, वाहन भय।	पराक्रम वृद्धि, स्त्रीसुख, नये उद्योग से लाभ, वायुपीड़ा।	दुःस्वप्न, शत्रुओं के उत्साह नष्ट, लाभ उत्तम, शिर पीड़ा।	लेनदेन की चिन्ता, धर्म में खर्च, सेवक से चित्त में क्षोभ।	शत्रुनाश, बिगड़े कार्य सिद्ध, मास के मध्यम में लाभ अच्छा।	सन्ताप बढ़ पर चिन्ता साथ रहे, लाभ श्रेष्ठ, वायु पीड़ा।
वृष	कार्यसिद्धि, सफर से भय, स्त्री पुत्रों द्वारा खर्च, लाभ कम।	रागोत्पत्ति, शत्रुबाधा, लाभ साधारण, मित्र शत्रु बनें।	जुकाम, नीच से लाभ, बन्धुओं से प्रेम, स्त्री सुख, कार्यसिद्धि।	एकाएक चिन्ता, लाभ कम चोट या गिरने का भय।	वायु विकार, कोष में कमी, कारोबार अच्छा, वृथा खर्च।	मित्र से खुशी, यात्रा में कष्ट, शुभ में खर्च, लाभ मध्यम।
मिथुन	उद्योग में लाभ, मित्रों से मिलाप, स्त्रीसुख श्रेष्ठ, वाहन भय।	संतान की तरफ से खुशी, लाभ अच्छा, अकस्मात् चिन्ता।	गृहस्थ से उदासी, लाभ से खर्च ज्यादा, कारोबार ठीक।	बन्धुओं की चिन्ता, शिर वा कमर में रोग, लाभ में रुकावट।	धर्म में प्रवृत्ति, शत्रुनाश, राज्य से मान, लाभ अच्छा, पशुकष्ट।	घरू फिकर, नये काम और जायदाद की चिन्ता, लाभ कम।
कर्क	व्यापार में हानि, सुख में बाधा, धर्म में खर्च, अधिक चिन्ता।	शत्रु पीड़ा, व्यापार की चिन्ता, बन्धु विरोध, सफर में चिन्ता कष्ट।	नौकरी से हानि, उत्तम कार्य में रुकावट, मासान्त में लाभ।	पारिवारिक उलझन पड़े धर्म में प्रवृत्ति, अग्नि भय।	जायदाद की चिन्ता, शुभ अधिक, बन्धुकष्ट, लाभ ठीक।	धर्म कृत्य का विचार, शत्रु नाश, स्वकार्य में शिथिलता।
सिंह	लाभ खर्च सम, चित्त में अशान्ति, राज्य से भय, रोग वृद्धि।	स्त्री पुत्रार्थ खर्च, लाभ अच्छा, विवाद में भय, उत्साह वृद्धि।	अग्नि भय वंश वृद्धि, खर्च से हैरानी, कोष में कमी।	सफलता में रोक, शत्रुकष्ट, लाभ मध्यम, गृहकलह।	किसी दुर्घटना का भय, द्रव्य की तंगी, वाहनभय, स्त्री चिन्ता।	जीव जन्तु का भय, लाभ होकर पीछे हानि, प्रेमी से सुख।
कन्या	वृथा यात्रा, खर्च विशेष लाभ कम, शत्रु भय, मान हानि।	सरदी छाती में रोग, शत्रु वृद्धि, कारोबार कुछ ढीला।	स्थान हानि, कारोबार मध्यम सन्तान की चिन्ता, स्त्रीसुख।	लाभ होते रुके, यात्रा में कष्ट, चित्त अशान्त, मित्र से सन्तोष	स्वास्थ्य में गड़बड़ी, बड़े पुरुषों से मिलाप, लाभ मध्यम।	उदर विकार, शत्रु की चिन्ता, लाभ से खर्च ज्यादे, स्त्री कष्ट।
तुला	भाग्य व व्यापार में वृद्धि, शत्रु नाश, शरीरपीड़ा, लाभ अच्छा।	व्यर्थ भ्रम, नई चिन्ता, लाभ दिखते हुवे भी हानि रहे।	मित्रवियोग, कोई बिगड़ा काम बने, लाभ कम, खर्च ज्यादा।	नये काम का उत्साह, खर्च विशेष, कोई नई चिन्ता हो।	ठगों का भय, यात्रा चिन्ता, कार्यान्तर का विचार, मित्र मिलाप।	लाभ होकर अकस्मात् खर्च पड़े, मित्र से खुशी, वायु विकार।
वृश्चिक	नये कार्य का विचार, वृथा खर्च, शुभ कर्म में प्रवृत्ति।	झगड़े में जय, कफ से कष्ट, व्यापार से लाभ, खर्च शुभ में।	बन्धु पीड़ा, लाभ अच्छा, वाहनों से खतरा, देर की चिन्ता दूर।	स्वास्थ्य उत्तम, पुण्य में खर्च, लाभ ठीक, शत्रु नाश, कुलवृद्धि	गृह धन रक्षा की चिन्ता, कारोबार अच्छा, सन्तति चिन्ता।	चिन्ता होकर दूर हो, कारोबार ठीक, सन्ततिकष्ट।
धन	वायु पीड़ा, मित्र मिलाप, क्रोध अधिक, लाभ अच्छा, उन्नति।	खर्च ज्यादा, वृथा विवाद, राज से मान, स्वास्थ्य ठीक।	लाभ मध्यम, शरीरकष्ट, चौर भय, कार्यसिद्धि से खुशी अचानक यात्रा।	कार्यसिद्धि, चिन्ताप्रद समाचार आवे, परिणाम शुभ, यात्रा।	वायुविकार, विवाद में जय लाभ ठीक, यात्रा हो, चित्त चचल।	लाभ अच्छा, चौरभय, शत्रु नाश, अस्थिर विचार, अंग पीड़ा।
मकर	नौकरी में कष्ट, बुद्धि भ्रम भ्रम अधिक, लाभार्थ यात्रा।	चिन्ताजनक कारण, बनगा, गतमास से लाभ अच्छा!	लाभ अच्छा, शरीरकष्ट, मित्र द्वारा खुशी, अग्निभय, दुःस्वप्न।	पुत्र स्त्री के कारण व्यय, शिर वा गुप्तांग में पीड़ा, लाभ ठीक।	मास के अखीर में लाभ, कोष में कमी, धर्म में अरुचि।	मकानादिक में खर्च, लाभ उत्तम, सोचे हुवे काम सफल।
कुम्भ	सफर से कष्ट, वृथा खर्च, स्त्री सुख उत्तम, लाभ मध्यम।	मित्रों से विनोद, राज्य व दुष्ट भय, कार्य सिद्धि में विघ्न।	शरीर सुख उत्तम, पशु भय, लाभ के काम में विघ्न।	कारोबार ढीला, लाभ कम, खर्च अधिक, पुत्र से सुख।	अंग पीड़ा, मित्र से संतोष, अकस्मात् लाभ, विवाद भय।	मन अशान्त, वृथा व्यय, किसी कार्य सिद्ध्यर्थ दौड़ धूप।
मीन	सुख वृद्धि, मित्र लाभ, कारोबार कुछ ठीक, शत्रु नाश।	रोग वा चोट भय, परिणाम शुभ, शुभ में खर्च, लाभ ठीक।	अंग पीड़ा, धर्म में प्रवृत्ति, स्त्री से सन्तोष, लाभ कम।	स्त्री द्वारा खर्च, यश वृद्धि, सेवक से चित्त खिन्न, लाभ में विघ्न।	लाभ श्रेष्ठ, शत्रु भय, बन्धु चिन्ता, चोट से कष्ट, रक्त विकार।	लाभ खर्चसम, शरीर में कुछ रोग, झगड़े में विजय।

सूचना—उपर्युक्त राशिफल सामूहिक रूपेण स्थूल मानसे मिलता है सूक्ष्मयथार्थ मासिक फल जानना चाहें तो अपना वर्ष फल बनवाईये।

अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने । समस्तजगदाधारमूर्तये ब्रह्मणे नमः ॥१॥
विनायकं प्रणम्यादौ देवीं वाग्देवतां गुरुम्। संवत्सरफलं वक्ष्ये लोकानां हितकाम्यया ॥२॥
सम्यक् बिचार्य गणितं दैवज्ञजनतुष्टिदम् । मुकुन्दवल्लभेनेदं तिथिपत्रं विनिर्मितम् ॥३॥
अनन धार्मिकजनः कालज्ञानसहायिना । तिथिपत्रेण सन्तुष्टो भवत्वित्येव याच्यते ॥४॥
तिथिर्वारश्च नक्षत्रं योगः करणमेव च । पञ्चांगस्य फलं श्रुत्वा गंगास्नानफलं लभेत् ॥५॥

चैत्र शुक्ल १ को नूतन संवत्सरप्रारम्भ होता है, उस दिन प्रति घर पर ध्वज लगावें। तोरण आदि से गृह सुशोभित करें, मङ्गल स्नान कर देवता ब्राह्मणगुरुकी पूजाकर, स्त्रियां शिर आदि वस्त्र आभूषण आदि परिधान कर उत्सव मनावें। ज्योतिषीजीका सत्कार कर उनसे नूतन संवत्सर का फल श्रवणकरें प्रातःकाल में कटुनिम्बके कोमल पत्र और पुष्प लावें, उसमें कालीमिर्च, हींग, नमक (सेंधा) अजवायन, जीरा और खांड मिलाकर चूर्ण बनावे, कुछ इमली मिलावें और वह भक्षण करें, इस प्रयोग से अनेक रोगों की शान्ति होती है (वर्ष पर्यन्त ज्वरादि बीमारी नहीं होती)।

पञ्चाङ्गस्थ गणेश और ब्राह्मण ज्योतिषी की पूजा कर याचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न करें, मिष्टान्न आदि भोजन करावें, गीत (गायन) वाद्य कथा श्रवण आदि कर सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें, गृहस्थियों को विलासयुक्त आनन्दपूर्वक वर्षारम्भ दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय जाता है।

ये चैत्रशुक्लप्रतिपत्तिथौ फलं शृण्वन्ति भक्त्या प्रतिवार्षिकं नराः। ते दुःखदारिद्र्यरुगादिवर्जिता नन्दन्ति लोके धनधान्यसंकुलाः ॥१॥ शाकस्यश्रवणात्सुपुण्यजननं संवत्सरस्याद्यता,राज्ञो राजकुले जयो विजयते मन्त्री फलं बुद्धिदम् धान्यं धान्यपतेः रसं रसपतेः क्षेत्रेषु स्तथा,सस्यं सर्वसुखञ्च वत्सरफलं संशृण्वतां सिद्धिदम्॥ ॥ इति संवत्सरादिफलश्रुतिः।

सृष्टिक्रम वर्णन—

अथवा सृष्टि के संक्षिप्त इतिहास की अवतरणिका—समस्त जगत् की उत्पत्ति स्थिति और लय कारणरूप ब्रह्मा की आयु अपने ही दिनों के मान से सौ वर्ष की होती है। अब ब्रह्मा की आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर, ५१वें वर्ष के प्रथम दिन का उदय है। इस दिन की १३ घड़ी, ४२ पल, ३ विपल, ४३ प्रतिविपल व्यतीत हो चुकी है। मनुष्यमान से ब्रह्मा की आयु का विस्तार इस प्रकार है—एक चतुर्युगी का एक महायुग होता है, उसकी सौरमान से वर्ष-संख्या ४३२०००० है। इस प्रकार के एक हजार युगों का ब्रह्मा का एक दिन होता है (ऐसे ब्रह्मा के हजार युगों की विष्णु की एक घड़ी होती है, विष्णु के १२ लाख युगों का रौद्रकलार्ध होता है। रुद्र के अर्बुद संख्यक युगों का अक्षरात्मक ब्रह्म होता है) ब्रह्मा के इस एक दिन में जो १४मन्वन्तर होते हैं, उनमें से १ स्वायम्भुव, २ स्वारोचिष, ३ उत्तम, ४ तामस, ५ रैवत, ६ चाक्षुष,यह छे मनु व्यतीत हो गये हैं, अब सातवां वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है, उसमेंभी २७ चतुर्युगी गत होकर अठाईसवीं चतुर्युगी के ३युग व्यतीत हो गये हैं, और यह २८ वां कलियुग है

अथ युगकाल व्यवस्था—-सतयुग-कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार के प्रथम पहर श्रवण नक्षत्र वृद्धियोग में सतयुग की उत्पत्ति हुई, इसकी आयु १७२८००० वर्ष की थी, इसमें श्रीनारायणके मत्स्य, कच्छप, वराह और नृसिंह, ये ४ अंशावतार हुए, श्रीमत्स्यजी ने वेदों के चोर शंखासुर को मार कर ब्रह्मा को वेद लाकर दिये, भगवान् कच्छप ने पृथ्वी की रक्षार्थ मन्दराचल को पीठ पर धारणकर शेषनाग की डोर से देवदैत्यों द्वारा समुद्र-मंथन करा कर का उद्धार किया। श्रीनृसिंहावतार ने हिरण्यकशिपु का वध करके भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। इस युग में धर्म अपने चारों पद पर कायम था, गौएँ कामधेनु के समान होती थीं, प्रायः स्वर्ण के पात्र और सिक्के के स्थान में रत्न का परस्पर व्यवहार था। इच्छित वर्षा होती थी, एक बार बीज बो कर २१ बार काटते थे। ब्राह्मण चारों वेद के जानकार तथा सत्यभाषी परद्रव्य-परस्त्री-पराङ्मुख और त्यागी होते थे। शाप देने और वर प्रदान करने में भी समर्थ थे। स्त्रियें पद्मिनी और पतिव्रता होती थी। शासक (राजवंश) वर्ग न्यायपरायणान्तःकरण से प्रजा को और सपुत्रवत् समझते हुए राज्य करते थे। वैश्य लोग सत्यवक्ता धर्मात्मा व्यापारी और शूद्र लोग सेवाधर्म में रहते हुए जीवन व्यतीत करते थे। इस युग में तीर्थ पुष्कर प्रधान था।

त्रेतायुग—-वैशाख शुक्ल तृतीया चन्द्रवार के द्वितीया प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन योग में त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२९६००० वर्ष की थी, इसमें भगवान् के श्रीवामन, श्रीपरशुराम और श्रीरामचन्द्र ये तीन अवतार हुए श्री वामनजी ने राजा बलि से ३ पैर पृथ्वी दान लेकर समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप बलि को पाताल का राज्य दिया। श्री परशुराम जी ने कर्तव्यविमुख एवं अन्यायी विलासिता के प्रेम में प्रमत्त अभिमानी क्षत्रियोंका नाश करके २१वार ब्राह्मणराज्य स्थापित किया था। श्री रामचन्द्रजी ने महा-अभिमानी राक्षस-राज रावणका वध करके देवता और ऋषियों को निर्भय किया था। इस युग में धर्म तीन पैर का रह गया था। गौएँ त्रिकाल दूध देनेवाली होती थी, प्रायः चान्दी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था, वर्षा मौके पर होती थी, एक बार बोकर सात वार काटते थे। ब्राह्मणतीन वेदों के वक्ता और किञ्चिन्न्यून तपोनिष्ठ परस्त्री-परद्रव्यसे पराङमुख होते थे, वर शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियें चित्रिनी पतिव्रता होती थीं। इस युग में सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रियोंका राज्य था। विचित्र विमानों द्वारा वह इन्द्रलोक पर्यन्त भी जाते थे। वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला में तोलते थे। शूद्र स्वधर्मानुसार सेवा में तत्पर रहते थे। इस युग में तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था। द्वापर—-माघ कृष्ण ३० शुक्रवार तृतीयप्रहर धनिष्ठा नक्षत्र वरियान् योग में द्वापरयुग की उत्पत्ति हुई, इसकी,आयु ८६४००० वर्ष की थी। इसमें पूर्ण ब्रह्म के श्रीकृष्ण श्रीबलदेव ये दो अवतार हुए। भगवान् श्रीकृष्णने दैत्यराज कंसादि दुष्टोंका वध किया, तथा संसारार्णवमग्न जीवों के उद्धारार्थ अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया। श्रीबलदेव जी ने सामयिक लीला करते हुए दुष्टोंका नाश करके धर्मका उद्धार किया।इस युग में धर्म दो पैर वाला रह गया था, गौएँ दो वक्त घटपूर्ण दुग्ध देने वाली होती थीं। प्रायः ताम्र पित्तल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा था। वर्षा समय पर हो जाती थी, एक वार अन्न बीज कर २ वार काटते थे। ब्राह्मणलोग दो वेदों के पारंगत होते थे और कुछ असत्य विशेषतया सत्यवक्ता तथा तप यज्ञ देव-पूजनादि करनेवाले किञ्चित् लोभयुक्त वाक्यसिद्धि वाले अर्थात् वर और शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियें शंखिनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थी। इस युग में धर्मप्राणचन्द्रवंशी राजा हुए। प्रायः चारों वर्ण अपने अपने वर्णाश्रम धर्म पर कायम थे, परस्त्री-परद्रव्यसे लोग डरते थे। इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र प्रधान था। कलियुग—-भाद्रपद कृष्ण१३ अर्धरात्रि के समय आश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग की उत्पत्ति हुई थी, इसकी आयु ४३२००० वर्ष की है। इसमें भगवान् के अवतार श्री बुद्ध और श्री कल्कि (निष्कलंक) हैं जिनमें अहिंसा धर्म के उद्धारक श्री बुद्धावतार तो हो चुके, और कल्कि अवतार जब कलियुग के ८२१ वर्ष शेष रहेंगे तब संभल ग्राम में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा; इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर लुप्तधर्म की स्थापना

के साथ साथ न्यायपरायणक्षत्रियराज्य भी कायम होगा ... जायगा। गौएं दूध कम देंगी, मृण्मय पात्र और ताम्रमयी तथा कर्गल मुद्रा प्रायः चलेगी। अतिवृष्टि और अनावृष्टि से देशों में भय का सञ्चार होगा। ब्राह्मण लोग वेदज्ञान से शून्य तथा स्नान सन्ध्या तपश्चर्या से भी हीन होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म को तिलाञ्जलि दे देंगे। वैश्य लोग व्यापार में असत्य व्यवहार विशेष रूप से उपयोग में लाने लगेंगे, शास्त्रनिन्दित मृतचर्म (जूता आदि) के व्यापार से भी लाभ उठायेंगे, शूद्र लोग पाखण्डी होकर बहुधा उच्चवर्ण वालों के उपदेष्टा होंगे। प्रजा में वर्णसंकरत्व बढ जायगा, धूर्तों की पूजा होगी, अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। स्त्रियें ज्यादा हस्तिनी पैदा होंगी, व्यभिचारिणी स्त्री अपने को सती कहेंगी। पतिव्रता कहीं कहीं देखने में आयेंगी। पुरुष स्त्रियों के वश में होकर चलेंगे। स्त्रियों के छोटी आयु में गर्भ होने लगेगा। पिता कन्या-विक्रय करेंगे। गौ ब्राह्मण की हत्या से भय न करेंगे। पुत्रों का माता पिता के साथ द्रव्य के कारण प्रेम रहेगा। राज्यव्यवस्था में धर्म का स्थान शून्य के बराबर होगा। धर्म-कर्म और तीर्थ पर लोगों की श्रद्धा कम होगी। इस युग में प्रधान तीर्थ गंगा हरिद्वार होगा।

अथ कलिरूपं चोक्तं चिरन्तनैः—पिशाचवदनः क्रूरः कलिश्च कलहप्रियः। धृत्वा वामकरे शिश्नं दक्षे जिह्वाञ्च नृत्यति ॥ अथ कलिमाहात्म्यम्——धर्मः प्रव्रजितस्तपः प्रचलितं सत्यं च दूर गतं, पृथ्वी मन्दफला नराः कपटिनश्चित्तञ्च शाठ्योज्झितम्। राजानोऽर्थपरा हयरक्षणपराः पुत्राः पितुर्द्वेषिणः। साधुः सीदति दुर्जनः प्रभवति प्राप्ते कलौ दुर्युगे ॥ निर्वीजा पृथ्वी निरौषधिरसा नीचा महत्त्वं गताः, भूपाला निजधर्मकर्मरहिता विप्राः कुमार्गं गताः। भार्या भर्तृविरोधिनी पररता पुत्रा पितुर्द्वेषिणो, हा! कष्टं खलु वर्तते कलियुगे धन्या मृता ये नराः ॥ न देवे देवत्वं कपटपटवस्तापसजनाः, जनो मिथ्यावादी विरलतरवृष्टिर्जलधरः। प्रसन्ना नीचाश्च अवनिपतयो दुष्टमतयो, जना शिष्टा नष्टा अहह! कलिकालो विलसति ॥ कलौ गंगायाः स्थितिः——पृथिवी गंगया हीना भविष्यत्यन्तिमे कलौ, तदैव विष्णुस्त्यजति मेदिनीं नरपुंगव। भगीरथं प्रति गंगावाक्यञ्च——यावद्धरण्यां तुलसी प्रपूज्यते गुरुर्नभस्थो दिवि कल्पपादपः। यावत्समुद्रं वड़वानलश्च वसामि तावत्तव चक्रखाते ॥ इति ॥ कलौ दशसहस्राणीति वाक्यमन्तिमकलौ ज्ञेयम, नान्येषु कलिष्विति ॥

वर्षफलविचार २००७

अथ श्रीमन्नृपतिधर्ममूर्ति-विक्रमादित्यानां राज्यसिंहासनाध्यासनादतीताब्दानि तत्संवताभिधः २००७ श्रीमन्नृपतिचक्रचूड़ामणि शकजातियवननिर्वीजक शालिवाहनराज्याद् गतहायनानि तत् शकाभिधः १८७२ श्रीकृष्णजन्म सं० ५१८६ श्री महावीर निर्वाण (जैन) संवत्सरः २४७६——७७ ईस्वीसन् १९५०——५१ हिजरी सन् १३६९——७० फसली सन् १३५६ वर्षादौ गुरु मानेन प्रभवादिषष्टयब्दानां मध्ये विष्णु विंशत्यां (३६) (त्रिकाण्डमण्डनः——श्रौतस्मार्तक्रियाः सर्वाः कुर्याच्चिन्द्रमसर्तुषु। तदभावे तु सौरर्तुष्विति ज्योतिर्विदां मतम्। तथा आर्ष्टिषेणि—समरेत्सर्वं कर्मादौ चान्द्रसंवत्सरं सदा। नान्यां यस्माद्वत्सरादौ प्रवृत्तिस्तस्य कीर्तिताः) नाम्नः संवत्सरस्तस्यफलं शोभने शुक्रः स्वामी राज्ञां प्रजानाञ्च सुखं, अतिवर्षा चैत्रादिमासत्रये धान्यं समर्घं, राजविग्रहः, किञ्चिदुत्पातः, आषाढेऽल्पमेघः, श्रावणोऽतिवर्षा परं लोकपीड़ा, भाद्रपदे महान्मेघः, आश्विने सुभिक्षं तेऽपि किंचिद्विग्रहः ॥ अथात्र १ वर्षे राजा रविः २ मंत्री गुरुः ३ सस्येशः सूर्यः, ४ धान्येशः शुक्रः, ५ मेघेशो बुधः, ६ रसेशो भौमः ७ निरसेशो रविः, ८ फलेशो बुधः, ९ धनेशो रविः, १० दुर्गेशोगुरुः। अथैषां फलानिः—राजा रवि स्तस्य फलम्, (काम्बोज काश्मीर ... देशेषु ...) ...

... सुधान्यं फलमल्पवृक्षाच्चौराग्निबाधा निधनं नृपाणां ॥१॥ मंत्रीगुरु तस्य फलम्, (वाल्हीक मालयोः) विविधधान्ययुता खलु मेदिनी प्रचुरतोयघनामुदिता भवेत् ॥ नृपतयोजनपालनतत्पराः सुरगुरौ ननु मंत्रिपदं गते ॥२॥ सस्येशः सूर्यं तस्य फलम्, (पौण्ड्रविदर्भयोः) सस्याधिनाथे तरणौ हि पूर्वं धान्यंसमर्घं बहुधोपि चौराः। युद्धं नृपाणां जलदा जलाढ्याः स्वल्पं च सस्यं बहु भूरुहाश्च ॥३॥ धान्येशो शुक्रः तस्य फलम्, (नर्मदा तटे मध्यदेशे च) भृगौ पश्चिमधान्येशे पश्चाद्धान्येन पश्यते ॥ सस्याः समर्घतां यांति स्वल्पं क्षीरं गवामपि ॥४॥ मेघेशो बुधः तस्य फलम् (मागध देशे) अमृतरश्मिसुते यदि वारिपे बहुजलं तृषधान्यरसादिकम् ॥ द्विजवराय जनोत्सुकचेतसा विविधसौख्ययुता धरणी तदा ॥५॥ रसेशो भौमः तस्य फलम्, (कोंकणमागधयोः) यदि धरासनयो रसपो भवेन्न रस राशि युता जनता। नरपतिर्विषमो जनता पदो न जलदो बहु वृष्टिकरो भुवि ॥६॥ निरसेशो रवि तस्य फलम्, (मालवदेशे) निरसाधिपती, सूर्ये त्रपु चंदनयोरपि। रत्नमाणिक्य, मुक्तादेरर्घं वृद्धि प्रजायते ॥७॥ फलेशो बुधः तस्य फलम्, (सर्वदेशे) यदि बुधे फलपेफलमुत्तमं जलधरा जलराशि मुचस्तदा। बहुतृणं कुसुमं कमलैर्युतं जनपदा जनसौख्य मुदान्विताः ॥८॥ धनेशो रविःतस्य फलम्, (सर्वत्र) द्रविणपे यदि वासरपे तदा वणिजतो बहुद्रव्य समागमः। गजतुरंगममेषकरोष्ट्रतो धनचयं लभते क्रयविक्रयात् ॥९॥ दुर्गेशोगुरु तस्य फलम्, (सर्वदेशे) सुरगुरौ गढपे न यशोभिता नरवरा नरपाकरपालिताः। गिरिषु वै नगरेषु समं सुखं सुखमतिर्द्विजशस्त्रवतां विशाम् ॥१०॥

नौ मेघों में से तम नाम मेघराज का फल—रोग और चौर अधिक, जल की न्युनता रहे, धान्य का पोषण नहीं हो, प्रजा दुःखी रहे। द्वादश नागों में नन्द सारी नाम नाग राजका फल——अति वृष्टि प्रजा में सुख। सप्त वायु में विवह नाम वायु का प्रभाव रहेगा। इसवर्ष रोहिणी का निवास समुद्र में है फल—महावृष्टि हो। संवत् का निवास माली के घर में है फल——वर्षा अच्छी हो। संवत् की सवारी अश्व की है, शनैश्चर की दृष्टि दक्षिण में है। संवत् विश्वे १०।

अथ वर्षादीनां विश्वा मानम् ॥ वर्षा ९ धान्य १५ तृण ५ शीत ५ तेज ५ वायु १३ वृद्धि १५ क्षय १५ विग्रह ११ क्षुधा १३ तृषा १५ निद्रा ११ आलस्य १५ उद्यम १५ शान्ति ११ क्रोध ११ दम्भ ११ पाखण्ड ९ लोभ ७ मैथुन ९ रसनिष्पत्तिः १३ फलनिष्पत्तिः ११ उत्साह ३ उग्रत्व १ पाप ३ पुण्य १३ व्याधिः १ व्याधिनाशः ५ आचार १३ अनाचार ११ मृत्यु १ जन्म ३ देशोपद्रव ३ देशस्वास्थ ३ चौरभय ५ चौर नाश ११ अग्नि ५ अग्नि शान्ति ५ टिड्डी ३ तोता ११ मूषक ११ सोना ११ तांबा ३ स्वचक्र १७ पर चक्र ७ अतिवृष्टि १५ अनावृष्टि १५ उद्भिज (तरु गुल्माद्याः) ५ जरायुज (नृगवाद्याः) ३ अण्डज (पक्षि सर्पाद्याः) १५ स्वेदजाः (कृमिदंशाद्याः) १३।

अथ नव वर्ष प्रवेशः—सं० २००६ वि० चै. कृ. ३० शनि को इष्ट घटी ३३।१३ पर कन्या लग्न में नव वर्षका प्रवेश होता है। सो इसवर्ष पूर्वीय भारतमें कोई उपद्रव हो यवन, देश में युद्ध से संहार हो, पूना बम्बई प्रान्तमें रोग भय हो। वर्षेशलग्नम्——सं. २००७ वि. वैशाख कृ. ११ गुरु वार को इष्ट घटी ३३।३९ तुला लग्न में श्रीसूर्यनारायण मेष राशि में प्रवेश होंगे। लग्नेशभृगु गुरु के साथ त्रिकोण में बैठा है, और लग्न को बुध गुरु की दृष्टिपूर्ण भी है अतः यदा शुभग्रहैर्दृष्टं लग्नं स्थातु तदा शुभम्। अर्थात्——वर्ष लग्न को शुभ ग्रह देखते हों तो प्रजा को धन धान्यादि वस्तुओं का सुख अच्छा मिलता है। आश्विन, फाल्गुन, चैत्र महीने प्रजा को भयप्रद हैं। सूर्य का आर्द्रा ... सं० २००७ प्रथम आषाढ ... को इष्ट

घटी ५८।१५ पर वर्षलग्न में श्रीसूर्यभगवान आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश होंगे। उस समय तात्कालिक ...

... निर्णय:

रवि:, ८ फलेशो बुध:, ९ धनेशो रवि:, १० दुर्गेशोगुरु: । अथषा फलानि:—राजा रवि स्वस्थ सुख अच्छा मिलता है। आश्विन, फाल्गुन, चैत्र महीने प्रजा को भयप्रद हैं। सूर्य का आर्द्रा

घटी ५८।१५ पर वृषलग्न में श्रीसूर्यभगवान् आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश होंगे। उस समय तात्कालिक तिथि सप्तमी है। फल—लोक में उत्तम क्षेम रहे। वारबुधफल—-विप्रवर्ग का कल्याण हो। नक्षत्र पू. फा. है फल—-राष्ट्र नायकों का यश बढ़े, योग सिद्धि है फल—-धनधान्य वस्त्रादि की वृद्धि हो और रोग हो। समयफल—-प्रजा में रोग कष्ट हो। लग्नफल—-सूर्य लग्न में और चन्द्रमा चौथे बैठा है जो धान्योत्पत्ति के लिये शुभ है, पर निर्जल राशि में होने के कारण पूर्ण शुभ फलप्रद नहीं रहे। गुरूदय-फल—-चैत्र में गुरु का उदय होगा सो प्रजा को पीड़ा और राजाओं में युद्ध हो। कुम्भराशिस्थ गुरु-फल—-वर्षा कम कृषकों को चिन्ता, पूर्व में अन्न सस्ता।

स्तम्भ चतुष्टय विचार—-इस वर्ष जल स्तम्भ का सम्पर्क घटयादि केवल ४।४४ अत्यन्त न्यून है। अत: अवर्षण से जनता कष्ट पावेगी।

तृण स्तम्भ और वायु स्तम्भ का तो अभाव ही है, अत:—तृणोत्पत्ति बहुत कम होगी, पशु कष्ट पावेंगे। वायु का न्यून संचार भी कष्टप्रद ही सिद्ध होगा। अन्न का स्तम्भ तृतीयांश के आसन्न है, अत: अन्न की कमी का अनुभव इस वर्ष भी रहेगा। आर्षमान (वर्ष रक्षा के चार दुर्ग) विचार—-गत पौष कृष्ण ३० को मूल का सम्पर्क केवल १७।४७ था। और इस वर्ष वैशाख शुक्ल तृतीया को रोहिणी का सम्पर्क चतुर्थांश के आसन्न १३।४९ है और श्रावण शुक्ल पूर्णमासी के साथ श्रवण का सम्पर्क किञ्चिन्मात्र भी नहीं। कार्तिक शुक्ल १५ को कृत्तिका नक्षत्र का सम्पर्क अन्य सब आर्षों से उत्तम है, अत: पूर्वापर विचार देखते हुए यह वर्ष अन्नादि की उत्पत्ति के लिये अच्छा नहीं है।

अखै तीज रोहणी नहिं होई। | राखी श्रवणो हीन विचारो। | सही माह खलबली प्रकाशे।
पौष अमावस मूल न जोई॥ | कार्तिक पुण्यो कृतिका टारो॥ | कहे भड्डली साख बिनाशे॥

॥ अथ लाभव्ययचक्रम् ॥

मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	राशय:
१४	८	१४	८	११	१४	८	१४	११	५	५	११	लाभ:
११	५	२	१४	११	२	५	११	५	५	५	५	व्ययम्

लाभव्यय देखने की रीति—-लाभ और व्यय के अंकों को जोड़ कर १ घटावे और आठ ८ का भाग देवें शेष १।२।६।७ बचें तो उस वर्ष में लाभ उत्तम होवे, और शेष ३।४।५।० बचे तो लाभ बहुत कम होवे। और चिन्ता भी रहे।

वर्षलग्नम्

वर्षेशलग्नम् (जगल्लग्नम्)

आर्द्रा प्रवेश लग्नम्

ग्रहण निर्णय:

ज्योतिषे ग्रहणं सारं गारुड़े विषभक्षणं।
शैवे घटवती दीक्षा कौलके ग्रहनिग्रहौ॥

सं. २००७ विक्रमी में इस भूमण्डल पर ३ ग्रहण होंगे जिनमें २ चन्द्रमा के और १ सूर्य का जिनका संक्षेप से विवरण निम्न लिखित है।

(१) खग्रास चन्द्रग्रहण—-चैत्र शुक्ल १५ रविवार ता. २ अप्रैल सन् १९५० को होगा, यह पूर्णग्रस्तग्रहण भारत में एक जैसा दीखेगा। यह ग्रहण भारत के अतिरिक्त चीन, जापान, ब्रह्मदेश एशिया, काबुल, ईरान में भी दीखेगा, केतकी पक्षीयगणित की सूक्ष्मता ज्ञानार्थ इस ग्रहण के स्पर्श मोक्षादि, काल को रेलवे टाईम से मिलाई हुई ठीक चलने वाली घड़ी से देखिए। ग्रहलाघवादि स्थूल ग्रन्थों की स्थूलता प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर होगी। प्रत्यक्षानुभवं न लुम्पति वच:,

स्टैंडर्ड स्पर्शादिकाल केतकीमते

रात्रौ	स्पर्श	सम्मील.	मध्य	उन्मीलन	मोक्ष	सर्व
रेलवे						
घं.	१२	१	२	२	३	३
मि.	३९	५९	१४	२९	४९	१०

ग्रहणमध्यकालेग्रासस्वरूपम्,

(२) खग्रास सूर्यग्रहणं—-भाद्र पद कृ. ३० भौमवार ता. १२ सितंबर १९५० को होगा। यह ग्रहण चीन और पर्जन्यक महासागर के उत्तरभाग एवं रशिया के पूर्वभाग में दीखेगा। भारत, ब्रह्मा, जावा, सुमात्रादि में नहीं दीखेगा अत: हमारे यहां इसका पर्व भी नहीं माना जावेगा! (३) खग्रासचन्द्र ग्रहण—-भाद्रपद शु. १५ भौमवार २६ सितंबर १९५० को होगा। यह भारत में दिन के कारण दृष्टि-गोचर नहीं होगा। पश्चिमी अफ्रीका, अरब, मिसर, केनिया आदि यवन प्रदेशों में दीखेगा।

राशियों पर ग्रहण का फल—-

सर्वथा लग्न भंग योगाः—व्यये शनिः खेऽब्जनिजस्तृतीये भृगुस्तनौ चन्द्रखला न शस्ताः। लग्नेट् कविग्लौ रिपौ मृतौग्लौ लग्नेट् शुभाराश्च मदे च सर्वे (अस्तेऽब्जगुरू समौ) ।। वर्गोत्तमं विनात्यांशो विवाहे न शुभप्रदः। वर्गोत्तमश्चेदस्त्यांशः पुत्रपौत्रादिवृद्धिदः ।। दम्पत्योरष्टमं लग्नं त्वष्टमो राशिरेव च। यदि लग्नगतः सोऽपि दम्पत्योर्निधनप्रदः ।। पंगवन्धादि लग्नानां गौड़मालवयोरेव त्यागः, बादरायणः—मासशून्यायह्वास्तारा राशयो बधिरादयः। गौड़मालवयोस्त्याज्यास्त्वन्यदेशेन गर्हिताः ।।

कर्त्तरी दोषः—लग्नस्य पृष्ठाग्रयोः साध्वोः सा कर्तरी स्यादृजुवक्रगत्योः। तावेव शीघ्रौ यदि वक्रचारी न कर्त्तरी चेति पितामहोक्तिः। "इयं कर्तरी चन्द्रस्यापि द्रष्टव्या" केषाञ्चिल्लग्नदोषाणां परिहारः—पापौ कर्तरीकारकौ रिपुगृहे नीचास्तगौ कर्तरी। दोषो नैव सितेऽरिनीचगृहगे तत्षष्ठदोषोऽपि न। भौमेस्ते रिपुनीचगे नहि भवेद् भौमोऽष्टमो दोषकृन्नीचे नीचनवांशके शशिनि रिःफाष्टारि दोषोऽपि न ।।

दोषापवादाः ज्योतिर्निबन्धे—दोषाश्च बहवः सन्ति गुणाः स्वल्पाः कलौ युगे। तथापि दोषा नश्यन्ति स्वापवादगुणैः सह ।। अपवादांतरम्—उक्तानुक्ताश्च ये दोषास्तान्निहन्ति बली गुरुः। केन्द्रसंस्थः सितो वापि पन्नगान्गरुडो यथा ।। मुहूर्तलग्नषड्वर्गकुनवांशग्रहाद्भवाः। ये दोषान्निहन्त्येव यत्रैकादशगः शशी ।। अब्दायनर्तु मासोत्थाः पक्षतिथ्यर्क्षसम्भवाः। ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसंस्थे शुभग्रहे। लग्नाधिपो यदा केन्द्रे लग्नादेकादशालये ।। सर्वग्रहकृतं रिष्टमेकोपि विलयं नयेत् ।। बलवान् केन्द्रगः सौम्यो हन्ति दोषशतत्रयम्। द्यूनं विहाय दैत्येज्य सहस्रं लक्षमंगिरा ।। स्मरण रहे कि पुर्वोक्त अपवाद वाक्यों में सर्वत्र सप्तमरहित केन्द्र (१।४।१०) ही ग्रहण करना।

विवाहे ग्रहाणां रेखाप्रदस्थानानि

र.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.	ग्रहाः	मुहूर्तगणपतौ
३	२	३	१	१	१	३	३	३	स्थानानि	लग्नं शुभं विवाहे
६	३	६	२	२	२	६	६	६		
८	११	११	३	३	४	८	८	८		
११			४	४	५	११	११	११		स्याद्दशविंशोपका-
			५	५	९					
			६	६	१०					धिकम्
			९	९	११					
			१०	१०						
			११	११						
३।।	५	१।।	२	३	२	१।।	१।।	१।।		विशोपका बलम्

अथ गोधूलि लग्नविचारः—लग्नशुद्धिर्यदा नास्ति कन्या यौवनशालिनी। तदा

वदन्ति। लग्ने विशुद्धे सति वीर्य्ययुक्ते गोधूलिके नैवं फलं विचत्ते ।। गोधूलिं त्रिविधां वदन्ति मुनयो नारीविवाहादिके, हेमन्ते शिशिरे प्रयाति मृदुतां पिण्डीकृते भास्करे। ग्रीष्मेऽर्द्धास्तमिते वसन्तसमये भानौ गते दृश्यतां, सूर्ये चास्तमुपागते भगवति प्रावृट्शरत्कालयोः ।।

गोधूलिके त्याज्यदोषः—कुलिकं क्रांतिसाम्यञ्च लग्ने षष्ठेऽष्टमे शशी। तदा गोधूलिकस्त्याज्यः पञ्चदोषस्तु दूषितः ।। अष्टमे जीवभौमौ च बुधो वा भार्गवोऽष्टमे। लग्ने षष्ठेऽष्टमे चन्द्रस्तदा गोधूलिनाशकः ।। "अस्तं याते गुरुदिवसे सौरे सार्के" अर्थात् बृहस्पतिवार को सूर्य अस्त होने के पीछे (क्योंकि सूर्यास्त से पहले वारवेला होगी) और शनिवार को सूर्य अस्त से पहले (क्योंकि सूर्य अस्त हो जाने से कुलिक मुहूर्त होगा) गोधूलि समझना।

संकीर्ण चाण्डालादि जातीनां विवाह मुहूर्तः—कृष्णपक्षे भानु-भौमार्कजानां, वारे योगे चापि धिष्ण्ये निषिद्धे। संकीर्णानां दारकर्म प्रशस्तं, प्रीत्यर्थायुःप्राप्तये शौनकाद्याः ।।

पुनर्विवाहे सूर्यभात् शुभाशुभ ज्ञानाय चक्रम्।

३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
मृत्यु	धन	मरण	मृत्यु	पुत्र	मृत्यु	दुर्भग	श्रीः	उन्नति	फलम्

अन्यच्च—सूर्यभात् ४।११।१८।२५ संख्यक साभिजित्भेषु पुनर्विवाहे मृत्युः। अत्र तिथिमासवेधभृगुर्वस्तादिदोषोऽपि नावलोकनीयः ।।

वधूप्रवेश का मुहूर्त—जब वधू विवाह होने पर पति के घर पहिले पहल आती है वह वधूप्रवेश कहा जाता है। विवाह से १६ दिन के भीतर समदिनों में अथवा ५, ७, ९वें दिन, इनके उपरांत एक मास तक विषम दिनों में, एक वर्ष के भीतर विषम मास में और एक वर्ष के उपरांत ३ रे, ५ वें वर्ष में भी स्थिर लग्न में वधूप्रवेश शुभ है। ५ वर्ष के उपरांत जब चाहे तब शुभ मुहूर्त में हो सकता है। १६ दिन के भीतर पूर्वोक्त दिनों में तिथ्यादि पंचांगशुद्धि चन्द्रबल गुरुशुक्र के मूढत्व का भी विचार नहीं करना। व्यतिपाते क्षयतिथौ ग्रहणे वैधृतौ तथा। अमासंक्रांतितिथ्यादौ प्राप्तकालेऽपि नाचरेत्। रे. अश्वि. रो. मृ. श्र. ध. ह. चि. स्वा. म. मू. उत्तरा. ३ पुष्य अनु. इन नक्षत्रों में और चं. बु. बृ. शु. श. इन वारों में १।२। ।५। ६।७।८।१०।११।१२।१३।१५ तिथियों में ५।८।११ लग्नों में चतुर्थाष्टम शुद्ध हो तो वधूप्रवेश शुभ है।

प्रवेशस्य समयमाह—वधू प्रवेशो न दिवाप्रशस्तः राजप्रवेशो न निशि प्रशस्तः।
दिवा च रात्रौ च गृहप्रवेशः, सत्कीर्तिदः स्यात्त्रिविधः प्रवेशः ।।

विवाहतः प्रथमवर्षे वधूनिवास फलम्—विवाह के बाद आषाढ़ मास में कन्या पति के घर रहे तो अपनी सास को, क्षय मास में अपने शरीर को, ज्येष्ठ में ज्येष्ठ को, पौष में श्वसुर को, अधिक मास में पति को नाश करती है। विवाह के बाद चैत्र मास में पिता के घर रहे तो पिता को अशुभ है, सास आदि के अभाव में उस मास का कोई दोष नहीं।

द्विरागमन का मुहूर्त—प्योके से दूसरी बार पति के घर जाने को द्विरागमन कहते हैं। विवाह से एक वर्ष के भीतर अथवा तीसरे या ५वें वर्ष वृश्चिक, कुम्भ, मेष के सूर्य में जब सूर्य और बृहस्पति शुद्ध हों तब सोम, बुध, गुरु या शुक्रवार को २, ३, ६, ७, या १२ वीं

राशि के लग्न में ह. अश्वि. पु. अभिजित्, तीनों उत्तरा. रो. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मू. मृ.

मुहूर्तः—जाते द्विरागमे पत्न्या पुनः

द्विरागमे राहुदिक् ज्ञानम्

राशि के लग्न में ह. अश्वि. पु. अभिजित्, तीनों उत्तरा. रो. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मू. मृ. रे. चि. और अनुराधा नक्षत्रों में शुभ हैं। शुक्र सामने या दाहिने हो तो अशुभ है।

विशेषः—द्विरागमे षोडशवासरान्तरे एकादशाहे समवासरेषु। नचात्र ऋक्षं न तिथिर्न-योगो न वारशुद्ध्यादि विचारणीयम् ॥

शुक्रस्य सम्मुखे दक्षिणे निषेधः—सम्मुख वा दक्षिण शुक्र में यदि नूतन वधू जावे तो वन्ध्या हो, छोटे बालक को साथ लेकर जावे तो बालक की मृत्यु हो, गर्भिणी जावे तो गर्भ का सुख न पावे। यदि ऐसे समय राजविद्रोह राजपीड़न आदि उपद्रव तथा दुर्भिक्ष के दुःख से यात्रा करनी पड़े एवं विवाह-सम्बन्धी यात्रा में या देवतीर्थ यात्रा के सम्बन्ध में जाना पड़े तो सम्मुख तथा दक्षिण शुक्र का दोष नहीं होता।

विशेषः—सिंहस्थे वा गुरौ शुक्रे संमुखेऽस्तगतेऽपि वा। शुभो दीपोत्सवे वध्वा प्रवेशः पतिमन्दिरे ॥ अन्धशुक्रज्ञानम्—रेवत्यादिमृगान्ते च यावत्तिष्ठति चन्द्रमाः। तावच्छुक्रो भवेदन्धः संमुखे दक्षिणे शुभः ॥ अत्यावश्यकेऽभिमुखे शुक्रदोषनाशाय शान्तिः—राजते वाथ सौवर्णे कांस्यपात्रेऽथवा पुनः। शुक्लपुष्पाम्बरयुते श्वेततण्डुलपूरिते ॥ निधाय राजतं शुक्रं शुचिमुक्ताफलान्वितम्। महाश्वेतगवायुक्तं सामगाय निवेदयेत्। तत्रार्घ्य मन्त्रः—ॐ नमस्ते सर्वलोकेश नमस्ते भृगुनन्दनः! मम सर्वार्थसिद्ध्यर्थं गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तुते ॥

प्रथम स्त्री-संगम मुहूर्तः—स्त्रीणां रजोदर्शनोत्तरं वा पञ्चदशवर्षोपरि रजोदर्शनाभावेऽपि उत्तरा ३, रो. पुष्य. अनु. ह. मृ. चि. स्वा. ध. एषु. भेषु, रिक्तामाक्षयरहिततिथौ, शुभवासरे एकयाम-रात्रोत्तरं प्रथमः पुत्रार्थी संगमः शुभः ॥

नववध्वा पाक कर्म मुहूर्तः—द्विरागमनोत्तरं मृ. उत्तरा. पुष्य. कृ. ज्ये. श्र. ध. श. रो. वि. रे. एषु नक्षत्रेषु शुभवासरे (रविभौमवर्जिते), रिक्तामाक्षयरहिततिथौ, २।५।८। ११ लग्नेषु, चतुर्थाष्टमशुद्धे, सप्तमभावे च बलान्विते सति पाककर्म शुभम्।

सधवास्त्रीणां वस्त्र सुवर्णरत्नभूषणादि धारण मुहूर्तः—ह. चि. स्वा. अनु. ध. रे, अश्वि, एषुभेषु बु. गु. शु. वारेषु रिक्तामावास्यारहिततिथिषु, नूतनवस्त्रसौवर्णरत्नरजत-दन्तादिभूषणानां धारणं प्रशस्तम् ॥

रोमज वस्त्र धारण मुहूर्तः—नीलवस्त्रोदिते धिष्ण्ये रेवतीपुष्ययोरपि। शुक्रे शनैश्चरेऽर्के च धारयेद्रोमजाम्बरम् ॥

वस्त्रधारणे विशेषः—विप्रादेशात्तथोद्वाहे क्षमापालेन समर्पितम्। निन्द्येऽपि धिष्ण्ये वारादौ धारयेच्च नवाम्बरम् ॥

भूषण घट्टन मुहूर्तः—ह. अ. पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. उत्तरा ३. रो. एषु नक्षत्रेषु रिक्तामाक्षयरहिततिथौ, शुभवासरे द्विपुष्करत्रिपुष्करयोगे वा भूषणं कार्यम्।

दुकान खोलने का मुहूर्तः—ह. चि. रो. रे. उत्तरा ३. पुष्य. अनु. अश्वि. अभि. इन नक्षत्रों में ४।९।१४।३० इन तिथियों को छोड़ कर अन्य तिथियों में, मंगलबार को छोड़ अन्य वारों में, कुम्भ लग्न को छोड़ कर अन्य लग्नों में, २।१०।११ स्थानों में शुभ ग्रह बैठे हों, ३।६ में पापग्रह हों, ८।१२ वां स्थान पापरहित हो, अपनी शुभ दशा भी चलती हो तो दुकान करना शुभ है, चन्द्र शुक्र लग्न में हों तो अत्यंत शुभ है ॥

भर्तृगृहात्पितृगृहागमन मुहूर्तः—पूर्वा. ३. भ. मू. म. ज्ये. आ. आश्ले. एतद्भिन्नेषु भेषु. चं. ब. शु. वारेषु सत्तिथौ शुभलग्ने कुयोगादिराहित्ये प्रशस्तः ॥

द्व्यंग (बरोजा) मुहूर्तः—जाते द्विरागमे पत्न्या पुनः पतिगृहे गमः। पितृगेहे स्थिता या च स द्व्यंग इति कीर्तितः ॥ ह. मृ. श्र. अश्वि. पुष्य. ध. पुन. रे. एषु नक्षत्रेषु, सत्तिथौ सुलग्ने विवाहोक्तमासेषु राहोर्दक्षिण-पृष्ठगे च सति स्त्रीणां द्व्यंगः शुभः ॥

द्व्यंगार्थं राहुदिक् ज्ञानम्

सूर्य राशि	राहु दिशा
१।५।९	पूर्व
२।६।१०	दक्षिण
३।७।११	पश्चिम
४।८।१२	उत्तर

घोड़े पर चढ़ने का मुहूर्त—भ. आर्द्रा. आश्ले. म. पू. ३, ज्ये. मू. इन नक्षत्रों को छोड़ कर शेष नक्षत्रों में रविवार को शुभ है।

हट्ट चक्र—सूर्य नक्षत्र से दुकान खोलने के दिन नक्षत्र तक गिन कर चक्र से शुभा-शुभ फल जानें ॥

नक्षत्र	२	२	४	४	३	४	४	४
स्थान	आसन	मुख	अग्नि	नैऋत	सन्मुख	वायव्य	ईशान	मध्य
फल	सौख्य	विक्रयनाश	अर्थनाश	सुख	महाश्रेष्ठ	चोरभय	सर्वहानि	शुभप्रद

सेवा कर्म (नौकरी) मुहूर्त—अ. मृ. चि. ह. पुष्य. अनु. रे. एषु भेषु रिक्तामारहिततिथौ, र. बु. बृ. शु. वारेषु शुभग्रहे लग्नस्थे, १०।११ सूर्ये भौमे वा स्वामि-सेवकयोः राशीशयोर्नि मैत्र्यां सत्यां शुभः।

व्यवहार (बही) पत्रारम्भ मुहूर्तः—अश्वि. रो. मृ. पुन. पु. उत्तरा. ३. ह. चि. अनु. श्र. रे. एषु. भेषु. रिक्तामारहिततिथौ, सू. चं. बु. बृ. शु. वारेषु, शुभे युते शुभे लग्ने चरे द्विस्वभावे च व्ययाष्टरहिते पापैः केन्द्रकोणगैः शुभैः सत् ॥

द्रव्य प्रयोग मुहूर्तः—पुन. स्वा. मृ. रे. चि. अनु. वि. पुष्य. श्र. ध. श. अश्वि, एषु नक्षत्रेषु, १।४।७।१० लग्नेषु, ९।५।८ शुद्धिरहिते द्रव्यप्रयोगः शुभः। अत्रावसरे ९।५ शुभ ग्रहाणां तु न कोऽपि दोषः।

ऋण लेने के लिये वर्जित काल—मंगलवार, संक्रांति दिन, वृद्धियोग, हस्तनक्षत्र-युक्त रविवार को ऋण ले तो कभी मुक्त न हो। मंगलवार को ऋण चुकाना अच्छा है। बुधवार को धन न देना चाहिये। कृ. रो. आर्द्रा. श्ले. उ. ३. वि. ज्ये. मू. नक्षत्रों में भद्रा, व्यतिपात और अमावस में गया धन फिर मिलता नहीं या झगड़े आदि पर उतारू होना पड़ता है।

श्री काशीनाथमते क्रय विक्रय मुहूर्तः—पुष्य. पूभा. अनु. श्र. ह. म. स्वा. उत्तरा. ३. आश्ले. रे. एत भेषु, सत्तिथौ शुभदिने उत्तमशकुनं विचार्य्य क्रयविक्रयाणां कार्यम् ॥

वस्तु खरीदने के नक्षत्र—रे. शत. अश्वि. स्वा. श्र. चि. वारों में बुध, रवि श्रेष्ठ माना गया है। वस्तु बेचने के नक्षत्र—पूफा. पूषा. पूभा. वि. कृ. श्ले. भ. ये ७ नक्षत्र और गुरुवार चन्द्रवार श्रेष्ठ माने गये हैं।

नोट—बेचने के नक्षत्रों में खरीदना और खरीदने के नक्षत्रों में बेचनेवालों को ९५ फी-सदी नुकसान रहेगा इसमें संशय नहीं। इसी कारण खरीदने बेचने के नक्षत्र दिखलाये गये हैं परन्तु संप्रति प्रचलित सट्टे जैसे भयानक व्यापार में तो धैर्य का काम ही नहीं, सिवाय घबराहट के दिन भर में १० बार बेचना, २० बार खरीदना, ऐसे व्यापारी क्या करेंगे इन नक्षत्रों को। लेकिन हमारा कहना है कि विश्वास करके परीक्षा तो कीजिये बात कहाँ तक सच है। सट्टे में भी प्रथम बार व्यापार करनेवाले व्यापारी

अवश्य ध्यान करें तभी मालूम होगा कि ऋषियों के वाक्य कहां तक सत्य हैं।

नालिश (अर्जी) का मुहूर्तः—४। ।१४ तिथि हो, मं. श. वार हो, कृ. आर्द्रा. भ. अ. श्ले. म. ज्ये. मू. चि. पूर्वा. ३. नक्षत्र हो, भद्रा होवे तो अत्युत्तम है।

गृहादि निर्माण में आय विचार—

ग्रा-भात् वासकर्तृनक्षत्र यावद्द गणना कार्या		
स्थान	नक्षत्र	फलम्
मस्तके	७	धनलाभः
पृष्ठे	७	हानिःनैस्वम्
हृदये	७	सुखलाभः
पादे	७	पर्यटनम्

गृह स्वामी के हस्तादि लम्बाई चौड़ाई को परस्पर गुणा कर आठ का भाग देवें, जो शेष रहे वह क्रम से ध्वजादि आय होते हैं। १ ध्वज, २ धूम्र, ३ सिंह, ४, श्वान, ५ वृषभ, ६ गर्दभ ७ हस्ति, ८ (०)। इसमें एकादि विषम संख्या की आय शुभ और दो चार आदि सम संख्या की अशुभ जानना। गृह की भूमि को अन्दर से मापना चाहिये और देवस्थान की भूमि को बाहर से मापना चाहिए। ३२ हाथ लम्बे चौड़े घर में आयादि विचार की आवश्यकता नहीं है और न ही चार द्वार वाले घर में। ब्राह्मण को ध्वजाय, क्षत्रिय को सिंहाय, वैश्य को गजाय और शूद्र को वृषभाय विशेष शुभ होती हैं। अन्य आय नीच जाति के लिए शुभ हैं॥

घर का नक्षत्र और व्यय ज्ञान—

घर के क्षेत्रफल (हस्तादि लम्बाई चौड़ाई के गुणन) को आठ से गुण कर २७ का भाग दे। जो अंक शेष रहे तदनुसार अश्विन्यादि गृह का नक्षत्र जाने इस नक्षत्र को आठ से भाग देवें शेषांक तुल्य व्यय जाने। आय से व्यय कम हो तो शुभ अन्यथा अशुभ॥

वास्तुभूमि का शुभाशुभ विचारः—

नई बस्ती में गृहादि बनवाना हो तो भूमिपूजनपूर्वक शाम को एक हाथ चौड़ा एक हाथ लम्बा एक हाथ गहरा गड्ढा बना कर उसको जल से भर देवें, प्रातःकाल उसको देखें यदि जल युक्त हो तो शुभ, निर्जल मध्यम, निर्जल फटा हुआ हो तो अशुभ है॥

मकान बनवाने के लिये पृथ्वी की शुभाशुभ परीक्षा—

मकान की नीव को इतना गहरा खोदे कि जल दीखने लगे अथवा दूसरी मिट्टी जब तक न निकले अथवा ३॥ साढ़े तीन हाथ गहरी खोदे अर्थात् मनुष्य के बराबर खोदे। खोदते समय जो जमीन में पत्थर निकले तो धन आयु की वृद्धि हो और जो गुठली निकले तो धन नाश हो और जो हाड़; राख बाल निकलें तो मकान बनाने वाले को व्याधि पीड़ा हो।

गृहारम्भ मुहूर्तः—वैशा. श्रा. मार्ग. माघ. फाल्गुन और सौर महीने गृहारंभ में श्रेष्ठ कहे हैं, भाद्रपद और कार्तिक मास मध्यम हैं २।३।५।६।७।१०।११।१२।१३।१५ और कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा इन तिथियों में, चं. बु. बृ. शु. श. वारों में, रो. मृ. चि. ह. स्वा. अनु. उत्तरा ३. ध. श. रे. वेधरहित नक्षत्रों में, २।३।५।६।८।११।१२ लग्नों में पञ्चबाण और भूमिशयन से रहित दिनों में लग्न से केन्द्र त्रिकोण स्थानों में शुभ ग्रह और ३।६।११ वें स्थान में पापग्रह, तथा अष्टम स्थान शुद्ध होने पर गृहारम्भ मुहूर्त शुभ होता है। केवल तृणमय गृहारम्भ में वत्स चक्र व मासादि का विचार नहीं करना।

गृहारम्भे वत्स चक्रम् सूर्यनक्षत्र से गृहारम्भ-नक्षत्र तक अभिजित् सहित गणना करें		
स्थानानि	न.	फलानि
शीर्षे	३	अग्निदाह
अ. पादे	४	शून्यमसत्
पृ. पादे	४	स्थिरता
पृष्ठे	३	लक्ष्मी प्राप्तिः
द. कुक्षौ	४	लाभःशुभम्
पुच्छ	३	स्वामिनाशः
वामकुक्षौ	४	निर्धनता
मुखे	३	पीड़ा असत्

विशेषः—पुष्य. उ. ३. रो. मृ. श्र. आश्ले. पूषा. इनमें से जिस पर बृहस्पति हो इस नक्षत्र में और बृहस्पति को गृहारम्भ हो तो पुत्र और सम्पत्ति दायक होता है। रो. ह. अ. उफा. चि. इनमें से जिस पर बुध हो उस नक्षत्र में बुधवार को गृहारम्भ हो तो सुख और पुत्र होते हैं। चि. अ. चि. ध. श. आर्द्रा इनमें से जिस पर शुक्र हो उस नक्षत्र में और शुक्रवार को गृहारम्भ हो तो धन-धान्यदायक होता है।

भूमिप्रसुप्तज्ञानम्—"संक्रान्ति मिति दिन पांचवे, सप्तम नवमे जोय। दश इक्कीस चौबीस में षट् दिन पृथ्वी सोय। तत्रात्यावश्यके क्रमात् ५।११।७।६।२।१० एता घटिका भूमिकर्मण्यवश्यं वर्ज्जनीयाः। अन्यच्च—सूर्य के नक्षत्र से ५।७।९।१२।१९।२६ इतनी संख्या के नक्षत्रों में पृथ्वी शयन के कारण मकान की नीव, तड़ाग, वापी, कूपादि का खोदना उत्तम नहीं होता॥

गृहमध्ये कूप विचार :—

मध्य	ई.	पू.	आ.	द.	नै.	प.	उ.	वा.
अर्थहानि	सुपुष्टि	सुप्राप्ति	पुत्रनाश	स्त्रीनाश	गृहेशनाश	संपत्	सुखम्	शत्रुभयं

अथ चुल्ली चक्रविचारः।

सूर्य के नक्षत्र से ६ नक्षत्र पीठ के सुखप्रद। ४ मस्तक के मृत्युप्रद। ८ बाहु के सुन्दर-सुख भोगदायक। ५ गर्भ के नाशक। २ भुज के भोगदायक। २ चरण के नाशक। यह चुल्लीचक्र गर्गाचार्य ने कहा है, पण्डितजन विचार करें।

नूतन गृहप्रवेशे मुहूर्त :—

माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ मासेषु शोभनाः। प्रवेशो मध्यमो ज्ञेयः सौम्य (गार्ग) कार्तिक-मासयोः॥ (यहां चन्द्रमास लेना) उत्तरा ३ अनु. रो. मृ. चि. रे. इन नक्षत्रों में रिक्तामारहित तिथियों में, चं. बृ. श. इन वारों में २।५।८।११ लग्नों में अत्यावश्यके ३।६।९।१२ लग्नों में भी, लग्न से १।२।३।५।७।९।१० इन स्थानों में शुभ ग्रह हों, ३।६।११ में क्रूर हों, १।६।८।१२ वें चन्द्रमा न हो, ४ था ८ वां स्थान शुद्ध हो, जन्मलग्न या जन्मराशि से ८ वीं राशि लग्न में न हो चन्द्र तारा शुभ हों और कुम्भ चक्र की भी शुद्धि हो तो आगे गौ कन्या जलपूर्ण पुष्पमालायुक्त कलश शंखध्वनि मंगलगान के साथ दम्पति को गृहप्रवेश शुभ है।

गृहप्रवेश का विशेष मुहूर्त—पुराने अर्थात जीर्ण वा तृण कुटीर अथवा अग्नि-वर्षा इत्यादि के भय से बनवाये हुए नए घर में भी वै. श्रा. का. और मार्गशीर्ष फा. मास में शत. पुष्य. स्वा. और ध. नक्षत्रों में तथा गुरु शुक्र के अस्त में भी गृहप्रवेश हो सकता है॥

शत. पुष्य. स्वा. और ध. नक्षत्रों में तथा गुरु शुक्र के अस्त में भी गृहप्रवेश हो सकता है।।

सूर्यराशिवशात् खातज्ञानम्
खाते राहोर्मुखात्पृष्ठदिग्भागः शुभदो भवेत्

राहुमुख	ऐशान्यां	वायव्यां	नैर्ऋत्याम्	आग्नेयां
देवालयारम्भे सूर्य	मी. मेष. वृष	मि. क. सिं.	कर्क तुला वृश्चिक	धन मकर कुम्भ
गृहारम्भे सूर्य	सिं. कं. तु.	वृश्चि.ध. मकर	कुम्भ मीन मेष	वृष मिथुन कन्या
जलाशयारम्भेसूर्य	म. कुं. मी.	मे. वृष मिथुन	कर्क सिंह कन्या	तुला वृश्चिक धन
खात दिशा ज्ञानं	आग्नेयां	ऐशान्यां	वायव्यां	नैर्ऋत्यां

सूर्यनक्षत्रात्

स्थान	न.	फलानि
शिरसि	४	श्रीप्राप्तिः
कोणे	८	उद्वसनं
शाखा	८	सौख्यम्
देहल्यां	३	गृहेशनाश
मध्ये	४	सौख्यम्

चक्रमिदं विलोक्य सुधिया द्वारं विधेयं शुभम् ॥

गृहप्रवेशे कुम्भचक्रम् सूर्यभात्

५	८	८	६
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

कूप तालाब और बावड़ी खुदवाने का मुहूर्त—अनु. ह. तीनों उ. रो. ध. श. म. पूषा. रे. पुष्य. मृ. नक्षत्र हों, चन्द्रमा मकर के उत्तरार्ध वा मीन या कर्क में हो लग्न में बुध या गुरु हो, शुक्र १६ वें स्थान में हो और पापग्रह निर्बल हों तो शुभ है। यदि २।१०।४।११।१२ लग्न हों तो अत्युत्तम है।

सूर्यनक्षत्रात्कूप चक्रम्

ईशान ३ क्षार जल	पूर्व ३ खण्डित जल	आग्ने. ३ सुजल
उत्तर ३ उत्तम जल	मध्य ३ स्वाद तथा शीघ्र जल	दक्षि. ३ निर्जल
वायव्य ३ मिश्रित जल	पश्चिम ३ जल	नैर्ऋत्य ३ अमृत जल

गणना क्रमः—मध्य पूर्व आग्नेय दक्षिण आदि क्रमेण बोध्यम् ॥

सूर्यभात्तड़ाग चक्रम्

ई. २ जलनाश	पूर्व २ शोक	आ २ जलाधिक्य
उ. २ अमृत जल	मध्य ५ बहुजल	द. २ जलनाश
वा. २ जलनाश	प. २ बहुजल	नै. २ अमृतजल

शेष ६ नक्षत्राणि 'वारिवाह' संज्ञकानि सन्ति तत्फलम् वारिवाहे वारिहानिम्। गणना-क्रमः—पूर्व आग्नेय द० नै० प० वा० उ० ई० मध्य वारिवाहः।

ईशान	पूर्व	आग्नेय
श्र. भ. कृ. मध्यजल	पुन. पु. श्ले. जलाभावः	म.पूफा.उफा. मध्य जलम्
उत्तर	मध्य	दक्षिण
पूभा. उभा. रे. मिष्टजलम्	रो. मृ. आर्द्रा. शीघ्रजलम्	ह. चि. स्वा. जलाभावः
वायव्य	पश्चिम	नैर्ऋत्य
श्र. ध. श. क्षारजलम्	मू. पूषा. उषा अमृतजलम्	वि. अनु. ज्ये. बहुजलम्

देवतारामवाप्यादिप्रतिष्ठामुत्तरायणे। माघादिपञ्चमासेषु कृष्णेऽप्यापञ्चमीदिने। मातृभैरववाराहनारसिंहत्रिविक्रमा महिषासुरहंत्री च स्थाप्या वै दक्षिणायने ॥

अश्वि. रो. मृ. पुष्य. ह. चि. स्वा. अनु. श्र. ध. श. उत्तरा ३. रे. एषु भेषु कुजशनिवर्जितवारेषु २।३।५।७।८।१०। ११।१२।१३ एतत्तिथौ शुक्ले १।२।३।५ तिथिषु कृष्णे, गुरुशुक्रयोः नीचनिर्बलास्तादिरहितकाले, कर्तुः सूर्यचन्द्रतारानुकूल्ये सति जन्मलग्नयोरष्टमराशिलग्नरहिते स्थिर (२।५।८।११) लग्नेषु लग्नात् १।४।७।१०।९।५।२।११। स्थानेषु शुभैः, ६।११ सेन्दुभिः पापैः पूर्वाह्णे देवप्रतिष्ठा कार्या।

देवता विशेषण लग्नम्—सिंहे सूर्यो शिवो द्वन्द्वे लग्ने स्थाप्यः स्त्रियां हरिः : कुम्भे वेधाश्चरे क्षुद्राद्यगदेव्यः स्थिरेऽखिलाः। यस्य देवस्य यत्तिथिवारनक्षत्रादिकं तद्दिने यदि तस्य प्रतिष्ठामुहुर्तो भवेत्तदा अत्युत्तमः ॥

वास्तुशान्तिमुहूर्तः—श्र. ध. मृ. मू. अनु. रे. ह. चि. स्वा. उत्तरा ३. पुन. पु. रो. अश्वि. एषु भेषु शुभेऽह्नि सत्तिथौ बलिदानपुरस्सरं वास्त्वर्चनं कार्यम्।

अग्नि का वास किस लोक में है—जिस दिन हवन करना हो उस दिन तिथि और वार की संख्या जोड़ कर एक और जोड़ना पुनः ४ का भाग देना, यदि पूरा भाग लग जाय (० शेष रहे) अथवा तीन शेष रहे तब अग्नि का वास पृथ्वी पर सुखकारक होता है, शेष १ बचने पर आकाश में प्राणहानि कारक, शेष दो बचने पर पाताल में धन हानि करता है। तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से, वार गणना रविवार से करना। इसके बाद आहुति चक्र जरूर देखिये।

ग्रहमुखे होमाहुति ज्ञानाय चक्रम्
(सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनना)

सू.	बु.	शु.	श.	चं.	मं.	गु.	रा.	के.	ग्रहाः
३	३	३	३	३	३	३	३	३	नक्षत्र
नेष्ट	श्रेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	नेष्ट	फलम्

विशेषः—यात्राविवाहव्रतगोचरेषु चौलोपनीताद्यखिलव्रतेषु। दुर्गाविधानेषु सुतप्रसूतौ नैवाग्निचक्रं परिचिन्तनीयम् ॥ महारुद्रव्रतेऽमायां ग्रस्तेन्द्वर्कस्य राहुणा। नित्य नैमित्तिके कार्ये अग्निचक्रं न दर्शयेत् ॥ दिग्दाहेऽप्यथवा घोरे ग्रहास्ते भूमिकम्पने। केतूनामुदये शांती चक्रं यत्नेन चिन्तयेत् ॥ लक्षकोटिहवने मखेऽखिले चातिरुद्रकरणे महाविधौ। देवखातभवने सुरालये अग्निचक्रमवलोकयेत्सुधीः ॥ दुर्गभंगगृहे वाऽपि विवादे शत्रुविग्रहे। शान्तिकर्मनृपक्रोधे चक्रं तत्र निरीक्षते ॥

पापग्रहमुखे हवने कृते शान्तिः—क्रूरग्रहमुखे चैव सञ्जाते हवने शुभे। शान्ति विधाय

गां दद्याद् ब्राह्मणाय कुटुम्बिने । आयसीं प्रतिमां कृत्वा निक्षिपेत्तामधोमुखीम् । गोमूत्र-मधुगन्धाद्यैरर्चितां प्रतिमां ततः । कुण्डे निधाय सम्पूज्य तत्र होमो विधीयते ॥

अथ ऋणी-धनी विचार—स्ववर्गं द्विगुणं कृत्वा परवर्गेण योजयेत् । अष्टभिश्च हरेद्भागं योऽधिकः स ऋणी भवेत् ।

अर्थ—अपने वर्ग को दूना कर दूसरे का वर्ग जोड़ना फिर ८ का भाग देना । फिर दूसरे का वर्ग दुगना करके अपना वर्ग जोड़ना फिर ८ का भाग देना; जिसका भाग शेषांक अधिक बचे वह ही कम बचने वाले का ऋणी जानना ।

हल प्रवहण मुहूर्तः—मृ. रे. चि. अनु. रो. उत्तरा. ३. ह. अश्वि. पुष्य अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मू. म. वि. एषु भेषु रिक्तामावषष्ठ्यष्टमी रहितसत्तिथौ शुभग्रहस्य वासरे, १।५।७।१०।११लग्नेषु भूमिशयनभद्रादीन् वर्जयित्वा हलचक्रशुद्धौ सत्यां हलप्रवहणं शुभम्।

हलचक्रम् सूर्यभुक्तनक्षत्र से दिननक्षत्र तक गिनें				
३	८	९	८	नक्षत्र
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	फलम्

बीज वपने राहु चक्रम् राहु नक्षत्रात् दिनभं यावत गणना कार्या								
८	३	१	३	१	३	१	३	४
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ

बीजवपने मुहूर्तः—ह० अश्वि० पुष्य. उत्तरा ३. चि. अनु. मृ. रे. स्वा. ध. म. मू. एषु भेषु सत्तिथौ भौमातिरिक्तवारेषु सुशकुने राहुचक्रशुद्धौ सत्यां शुभः ॥

विशेषः—रवौ रौद्रा (आर्द्रा) द्यपादस्थे संजायते रजः ।

तस्माद्दिनत्रयं तत्तु बीजवापे परित्यजेत् ॥

नवान्न भक्षणमु र्तः—मृ. रे. चि. अनु. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. विषघटी रहित नक्षत्रों में शुभ है; नन्दा रिक्तातिथियों और पौष चैत्र को छोड़ कर सू. चं. बु. गु. शुक्रवार शुभ है ॥

गौ आदि पशु लेने का मुहूर्तः—गाय लेना हो तो उ. फा. से दिननक्षत्र तक गिने; उसमें से मस्तक पर ३ फल लाभदायक, मुख पर २ फल हानि, पाद पर ६ फल अर्थ लाभ, हृदय में ५ फल सुख, स्तन में ६ फल महालाभ, भग पर १ फल वृद्धि, गुह्य पर ४ फल भय होता है । महिषी लेनी हो तो भी इसी क्रम से शुभाशुभ फल जानो, परन्तु वहां सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिने । वृषभ ले ा हो तो भी, परन्तु ६नक्षत्र पाद पर धरशेष स्थानमें दो-दो धरो और गाय के समान फल जानो । (चौदस चौथ चौपाया । मंगल हानि करे घर आया) ॥

सूर्य नक्षत्रात्काष्ठादि (गृहरा) आदि संस्थापन चक्रम्

६	२	४	४	४	४	४	नक्षत्र
उत्तमपाक	शवदहन	सर्पभय	मित्रलाभ	रोगभय	क्वाथकर्म	सुखं	संख्या
[illegible]	नेष्ट	नेष्ट	शुभ	नेष्ट	नेष्ट	शुभं	फलम्

लतावृक्षाद्यारोपण मुहूर्तः—मृ. रे. चि. अनु उत्तरा ३, रो. ह. पुष्य अश्वि. श मृ. वि. नक्षत्रों में रिक्तामारहित शुभ तिथियों में और चं. बु. बृ. शु. वार हों, शुक्ल पक्ष में ४।१०।११।१२ लग्न में शुभ है ॥ तृण काष्ठादि संग्रहे निषेधः—तृण काष्ठ का सञ्चय और पलंग बुनवाना आदि कर्म कुम्भ मीन के चन्द्रमा में नहीं करना चाहिए ।

औषध का मुहूर्तः—ह. अ. पुष्य. अभि. मृ. रे. चि. अनु. स्वा. पुन. श्र. ध. श. मूल, जन्म नक्षत्र को छोड़ कर इन नक्षत्रों में, ४।९।१४ को छोड़ कर शुभतिथियों में, भौम शनि को छोड़ अन्य वारों में शुभ है ।

अथ यात्रा मुहूर्तः—

ह. म. श्र. अश्वि. पुष्य. पुन. ध. अनु. रे. एषु भेषु यात्रा अत्युत्तमा; रो. उत्तरा ३. पूर्वा ३. एषु भेषु मध्या; भ. कृ. आर्द्रा. आश्ले. म. चि. स्वा. वि. ज्ये. एतद्भेषु निन्द्या । तत्रात्यावश्यकेष्वपि यात्रायां भरण्यादिभानां क्रमात् ७।२१।१४।१४।११।४०।१४।१४।१४ एता घटिका गमन-कर्मण्यवश्यं वर्जनीयाः, २।३।५।७।१०।११।१२ कृष्णपक्षस्य प्रतिपत्सु दिग्द्वारलग्नेषु वा यात्रा शुभा ।

दिग्द्वार लग्नानि

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	दिशा
१।५।९	२।६।१०	३।७।११	४।८।१२	शुभम्
२।६।१०	३।७।११	४।८।१२	१।५।९	मध्यम्
४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	३।७।११	भयम्
१ १	४।८।१२	१।५।९	२।६।१०	महाभयं

यात्रा में शुभाशुभ लग्न—जन्म लग्न और जन्म राशि से अष्टमलग्न तथा कुम्भ या कुम्भ के नवांशक में यात्रा कदापि न करे । शुभ लग्न वह है जब १।४।५।७।९।१० स्थानों में शुभग्रह और ३।६।१०।११। वें पाप ग्रह हों । अशुभ लग्न वह है जब १।६। ८।१२ वें चन्द्रमा, १० वें शनि, ७ वें शुक्र, १२।६।८ वें लग्नेश हो । अन्यच्च—यात्रायामष्टमं शुद्धं विवाहे सप्तमं तथा । दशमं तु गृहारम्भे चतुर्थं तु प्रवेशने ॥

जन्म लग्नेश दशेश अस्त हों वा मारक दशा हो तो सुमुहूर्त में भी यात्रा न करे, प्रथम तीर्थ-यात्रा वा देवदर्शन गुरुशुक्रास्त में वर्जित हैं ॥

दिक् शूल ज्ञानाय चक्रम्									नक्षत्रशूल चक्रम्			
पूर्व	आ.	दक्षि.	नैऋ.	पश्चि.	वाय.	उत्तर	ईशा.	दिशा	पू.	द.	प.	उ.
चं.श.	चं. बृ	गुरु	सू. शु.	सू. शु.	भौम	मं.	बु. श.	वारा	ज्ये.	पूभा.	रोहि.	उफा.

दिक्शूल परिहारः—न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्य दैत्येज्य दिवाकराणाम । दिवा शशांकार्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोषः ॥ १ ॥ सूर्यवारे घृतं प्राश्यं चन्द्रवारे पयस्तथा । गुडमंगारके वारे बुधवारे तिलानपि । गुरुवारे दधि प्राश्यं शुक्रवारे यवानपि । [illegible] भाक ॥ २ ॥

उत्तमपाक	शवदहन	सर्पभय	मित्रलाभ	रोगभय	[illegible]	शुभ	फलम
	नेष्ट	नेष्ट	शुभ	नेष्ट	नेष्ट	शुभ	फलम

पयस्तथा । गुरुमांसादि वारे बुधवारे तिलानपि । गुरुवारे दधि प्राश्यं शुक्रवारे यवानपि । माषान्भुक्त्वा शनिवारे शूले गच्छन्न दोषभाक् ॥ २ ॥

[illegible] सब त्याज्य वस्तुओं का त्याग अवश्य करें ।

शनौ	पूर्वे
शुक्रे	आग्नेय्यां
गुरौ	दक्षिणे
बुधे	नैर्ऋत्ये
भौमे	पश्चिमे
चन्द्रे	वायव्ये
रवौ	उत्तरे
सम्मुखे नेष्ट	

पू.	अग्नि.	दक्षि.	नैऋ.	पश्चि.	वाय.	उत्तर.	ईशा.	दिशा
१।९	३।११	५।१३	४।१२	६।१४	७।१५	२।१०	८।३०	तिथि

योगिनी सामने और दाहिने अशुभ होती है, पीछे और बायें की शुभ (मुहूर्तचिन्तामणि में बायें अशुभ, दाहिने शुभ) ॥ समयशूल उषाकाल में पूर्व को, गोधूलि में पश्चिम को, अर्द्ध रात्रि में उत्तर को और मध्याह्न-काल में दक्षिण को नहीं जाना चाहिए ॥ गर्गगुरु अंगिरा मुहूर्त—गर्गजी के मत से ५ या ४ घड़ी रात रहे गमन करे । बृहस्पति के मत से अच्छा शकुन मिलने पर यात्रा करे, अंगिरा के मत से जब मन प्रफुल्लित हो तब ही चला जाय । भगवान के मत से ब्राह्मण की आज्ञा लेकर यात्रा करने से शुभ होता है। पञ्च पञ्च (५५) उषःकालः सप्तपञ्चा (५७) रुणोदयः । अष्टपञ्च (५८) भवेत्प्रातः शेषं सूर्योदयो भवेत् ॥

चन्द्रवास चक्रम			
पूर्वे	दक्षि.	पश्चि.	उत्तरे
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

एकस्मिन्राशौ आवश्यके घटयात्मक चन्द्रवास चक्रम्

पू.	द.	प.	उ.	पू.	द.	प.	उ.	दिशा
१७	१५	२१	१६	१७	१५	२०	१४	घटी

घटयात्मक चन्द्रवास जिस दिशा का चन्द्र होवे उस दिशा से गिनना चाहिए ।

कुम्भ और मीन के चन्द्रमा में दक्षिण को कदापि न जावे ।

चन्द्रफलम्—सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुखसंपदः । पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः ॥१॥ सर्वे दोषालयं यान्ति पूर्णचन्द्रे हि सम्मुखे ॥ इति ॥ सम्मुखे चन्द्रप्रशंसा—करण-भगणदोषं, वारसंक्रान्ति दोषं, कुतिथिकुलिकदोषं यामयामार्द्धदोषम् । कुजशनिरविदोषं राहुकेत्वादिदोषं हरति सकलदोषं चन्द्रमाः सम्मुखस्थः ।

सर्वार्थसिद्धि योगः—शुक्लादि तिथि तथा वार की संख्या के जोड़ को तीन जगह रख क्रमशः ७।८।३ का भाग दे । शेष प्रथम स्थान में शून्य हो तो क्लेश, मध्य में हो तो धनक्षति और अन्त्य में हो तो मृत्यु होती है । सर्वत्र अंक आने से सौख्य जय लाभ हो । विजयादशमी को बिना सर्वार्थादिमुहूर्तों के भी यात्रा सफल होती है । बायाँ स्वर चल समय पूर्व व ईशान को और दाया चलते समय दक्षिण व नैर्ऋत्य मत जाओ, हानि होती है । जाने वाले का अच्छे मुहूर्त और अच्छे शकुन में भी जाने को मन न चाहे तो कदापि न जावे क्योंकि मुहूर्त शकुन से मन की इच्छा प्रबल है ।

वर्णक्रमेण प्रस्थान विधानम्—यदि यात्रा मुहूर्त में किसी अत्यावश्यक कार्यवश विलम्ब हो जाय तो उसी मुहूर्त में ब्राह्मण जनेऊ माला, क्षत्रिय शस्त्र, वैश्य मधुघृत, शूद्र फल को अपने वस्त्र में बांध किसी के घर में या नगर से बाहर जाने की दिशा में प्रस्थान रक्खें । अथवा सब से मन की प्यारी वस्तु को रख देना चाहिए ।

यात्राके पहले त्याज्य वस्तु—यात्रा के तीन दिन पहले दूध त्याग दे, पांच दिन पूर्व

दिने चतुर्घटिका मुहूर्त्तम्						
सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह.	शुक्र	शनि
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल
चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ
लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग
अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग
काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर
शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ
रोग	लाभ	शुभ	चर	काल	उद्वेग	अमृत
उद्वेग	अमृत	रोग	लाभ	शुभ	चर	काल

रात्रौ चतुर्घटिका मुहूर्त्तम्							
घटि	सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.
३॥।	शु.	चं.	का	उ.	अ.	रो.	ला.
७॥	अ.	रो.	ला	शु.	चं.	का	उ.
११।	चं.	का	उ.	अ.	रो.	ला	शु.
१५	रो.	ला	शु.	चं.	का	उ.	अ.
१८॥।	का	उ.	अ.	रो.	ला	शु.	चं
२२॥	ला	शु.	चं.	का	उ.	अ	रो.
२६।	उ.	अ.	रो.	ला	शु.	चं.	का.
३०	शु.	चं.	का	उ.	अ.	रो.	ला.

सूचना यदि ३० घटी से न्यूनाधिक्य दिन या रात्रि मान हो तो उसमें ८ का भाग देने से एक भाग के घटी पल ज्ञात होंगे ।

यात्रायां शुभ शकुनानि—मृग बायें ते दाहिने जो आवे तत्काल । अन धन लक्ष्मी बहु-मिले चलते प्रातःकाल ॥ विप्र २ अश्व, गजमद, फल, अन्न, दुग्ध, गो, दधि, सर्षप, कमल, निर्मल वस्त्र, वाद्य, वेश्या, मयूर, नकुल, सिंहासन, शस्त्र, मांस, दीप्ताग्नि, मत्स्य, ससुतस्त्री, गौरी कन्या, धोबी, कार्यसिद्धिवाक्य, सजल पूर्णघट यात्रा पश्चाद्रिक्तघट यात्रा समय देखना शुभ है । अशुभशकुनानि—वन्ध्या स्त्री, चर्म, अस्थि, इन्धन, संन्यासी, भैंसों का युद्ध, सर्प, शत्रु, मार्जारयुद्ध, कुटुम्बकलि, विधवा, जातिभ्रष्ट अंगहीन, छिक्का, दुष्टवाणी यात्रा समय देखना अशुभ तथा कष्टप्रद है ।

रामदैवज्ञोक्तं आवश्यके यात्रा मुहूर्तं चक्रम्

पौ.	मा.	फा.	चै.	वै.	ज्ये.	आ.	श्रा.	भा.	आ.	का.	मा.	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भीति	लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य	दारिद्रय	दारिद्रय	मिश्र
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	हानि	दुःख	लाभ	लाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सौख्य	शुभ	लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	लाभ	लाभ	लाभ	सौख्य
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मृत्यु	लाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सौख्य	लाभ	सिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	क्लेश	सिद्धि	लाभ	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मृत्यु	लाभ	लाभ	शुभ
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	शुभ	सौख्य	मृत्यु	कष्ट

तृतीया त्रयोदशी, चतुर्थी चतुर्दशी, पञ्चमी-पूर्णमासी का फल समान जानना, अमावस्या में यात्रा वर्जित है, पक्ष का विचार नहीं है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पाओं आगे उठा कर चले इसी तरह सवारी पर चढ़े कार्य सिद्ध, यात्रा सफल होगी।

नौका यात्रा मुहूर्त चि. ह. पु. मृ. पूर्वा. रे. अनु. श्र. ध. एषु भेषु सतिथौ शुभेऽह्नि चन्द्र-तारानुकूले सति शुभः।

यात्रा निवृत्तौ प्रवेश मुहूर्तः—मृ. रे .अनु. रो. उ. रे. ह. अ. पुष्य. स्वा. श्र. ध. श. एषु भेषु चं. बु. बृ. शु. श. वारेषु, १।२।३।५।७।१०।११।१३ तिथिषु २।५।६।८।९।११। १२ एषु लग्नेषु; १।४।७।१०।५।९ स्थानेषु शुभैः ३।६।११ स्थानेषु पा[illegible]:४।८।शुद्धौ शुभः। वि. कृ. पू. रे. भ. म. मू. ज्ये. आर्द्रा. आ. ले. नक्षत्राणि; ४।९।१४।६।१२।८।३० तिथयः; सू. मं. वारौ १।४।७।१० लग्नानि सर्वदा वर्जनीयानि। मंगल को भिल्लाप कष्टप्रद मित्र होता है विशेषः—प्रवेशान्निर्गमश्चैव निर्गमाच्च प्रवेशनं। नवमे जातु नो कुर्यादि्दने वारे तिथावपि।

अथ घात चन्द्र वारादीनां चक्रम्

मे	वृ	मि.	क	सिं.	कं.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	राशयः
मे.		कु.	मि.	म.	मि.	व.	वृष	मि.	सिं	ध.	कुं.	घातचन्द्र
र.		चं.	बु.	श.	श.	बृ.	शु.	शु.	मं.	बृ.	श.	घातवार
म.	ह.	स्वा.	ऽनु	मू.	श्र.	श.	रे.	भ.	रो.	आ.	श्ले.	घातनक्षत्र
मे.	ध.	ध.	मि.	वृश्चि.	वृश्चि.	मी.	ध.	कं.	वृश्चि.	मि.	मे.	स्त्रीचन्द्रग
का.	मा.	पौ.	मा.	फा.	चै.	बै.	ज्ये.	आ.	श्रा.	भा.	आ.	घातमास
वि.	सु.	प.	धृ.	प्री.	सु.	ऽगं	बृः	वं.	गं.	व्या.	वै.	घातयोग
१	-	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५	घातलग्न
१	५	२	२	३	५	४	१	३	४	३	५	घाततिथि
६	१०	७	७	८	१०	९	६	८	९	८	१०	,,
११	१५	१२	१२	१३	१५	१४	११	१३	१४	१३	१५	,,

युद्ध: विवाह राजसेवा; वाहन; रोगादि कार्यों में घात चक्र देखना और तीर्थ यात्रा तथा विवाहादि शुभकार्यों में घाततिथि आदि देखने की आवश्यकता नहीं है। "घाततिथिर्घातवार घातनक्षत्रमेव च। यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञैरन्यकर्मसु शोभनम्।"

वाम दक्षिण निर्देश——

अथ चक्रोक्त सर्व फल पुरुषों के दक्षिण अंग में और स्त्रियों के वामांग में विचार करना; पुरुषों के वाम भाग में और स्त्रियों के दक्षिण भाग में विपरीत अशुभ भयकारी फल होता है। जो फल पल्लीपात का कहा वही सरठ (गिरगट) के [illegible] के गिरने का तथा पल्ली के चढ़ने का फल वृथा होता है।

अथाङ्गविभागे पल्ली (छिपकली, कोढ़किरली) पतन फलम्

स्थानम	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम	फलम
शिरसि	राज्यलाभ	भ्रूमध्ये	राज्यसंबंध	वामपादे	नाश:
नासाग्रे	व्याधि	वामकर्णे	बहुलाभ	अधरोष्ठे	ऐश्वर्यलाभ:
वामभुजे	राज्यभय	स्तनयो:	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृपतुल्यता
जानुद्वये	शुभागम्	हस्तयो:	वस्त्रलाभ	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाश:
कटिभागे	अश्वलाभ	बा. मणिबंधे	कीर्तिनाश:	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम	दक्षिणपादे	गमनम	मुखे	मिष्टान्नभोजनं
ललाटे	बन्धुदर्शन	उत्तरोष्ठे	धननाश:	पादमध्य	स्त्रीनाश:
दक्षिणकर्णे	आयुवृद्धि	नेत्रयो:	धनाप्ति:	पादान्ते	मृत्यु:
कण्ठे	शत्रुनाश:	उदरे	भूषणलाभ:	केशान्ते	मरणम्
जंघयो:	शुभम्	स्कन्धयो:	विजय:	नखेषु	धान्यलाभ:
द. मणिबंध	मनस्ताप:	हृदये	धनलाभ:	दक्षांगुष्ठे	धनलाभ:

पल्लीपतने प्रशस्त वारतिथ्यर्क्षाणि——यदि छिपकली १।२।३।५।६।१०।११।१२।१३ इन तिथियों में गिरे तो श्रेष्ठ फलदायक है। तथा चं. बु. गु. शु. इन वारों में भी शुभ फल देती है। पु. अश्वि. रो. मृ. पुन. उफा. ह. चि. स्वा. ध. रे. अनु. श. ये नक्षत्र शुभ फलदायक हैं। इतोऽन्यदभेषु निद्या: ॥

पल्लीपाते कर्तव्य कर्म——पल्ली (किरली) तथा सरठ (गिरगट) स्पर्श होने पर वस्त्र सहित स्नान करे। जन्म नक्षत्र, मत्युयोग, दग्धदिन, भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रहयुक्तलग्न में तथा अष्टमचन्द्रमा में पल्ली आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है। उसकी शांति के लिये जप, होम, मृत्युञ्जय का जप वा तिल-स्वर्ण दान पञ्चगव्य से स्नान तथा घृत का छायापात्र दान भी करना उत्तम है।

छिक्का फलम्——छिक्का प्राय: सब दिशाओं की नेष्ट होती है, गौ की छिक्का मरण करती है। मदिरा के योग से अथवा——छींक सूचनी छल कर लीन्हीं; पीनस सरदी खांस फल होनी। छींक पीठि की कुशल उचारे; बाईं कारज सर्व सवारे ॥१॥ सन्मुख छींक लड़ाई भाषै; छींक दाहिनी द्रव्य विनाशैं ॥२॥ ऊंची छींक कहे जयकारी; नीची छींक होय भयकारी ॥ अपनी छींक महा दुखदाई ऐसे छींक विचारो भाई ॥३॥ कन्या विधवा मालन धोबिन रजस्वला वेश्या चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है। भोजनान्त में छींक होय तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले।

अथ शुभ छिक्का——आसने शयने शौचे दाने चैव तु भोजने। वामांगे पृष्ठतश्चैव षट् छिक्का: शुभावहा: ॥ एक नाक दो छींक; काम बने सब ठीक ॥

...भाग में विपरीत अशुभ भयकारी फल होता है। जो फल पल्लीपात का कहा वही सरठ (गिरगिट) के चढ़ने का जान। ...के गिरने का तथा पल्ली के चढ़ने का फल वृथा होता है।

अङ्गस्फुरण फलम्

पुरुषों का दायां अंग और स्त्रियों का बायां अंग फरकना शुभ है।

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
मस्तक	भूमिलाभ	वक्षःस्थल	विजय	ओष्ठ	प्रियवस्तु
ललाट	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	हनु	महाभाग
स्कन्ध	भोगसमृद्धि	कटि	प्रमाद	कण्ठ	ऐश्वर्यलाभ
भ्रूमध्य	सुखप्राप्ति	कटिपार्श्व	प्रीति	ग्रीवाधः	शत्रुभय
भ्रूयुग्म	महत्सौख्य	नाभि	स्त्रीनाश	पृष्ठ	पराजय
कपोल	शुभाप्ति	आंत्रिक	कोषवृद्धि	मुख	मित्रप्राप्ति
नेत्र	धनाप्ति	भग	पतिप्राप्ति	भुज	मधुरभोजन
नेत्रकोण	लक्ष्मीलाभ	कुक्षि	सुप्रीति	भुजमध्य	धनागम
नेत्रसमीप	प्रियसंगम	उदर	कोषलाभ	वस्तिदेश	अभ्युदय
नेत्रपक्ष्म	राज्यलाभ	लिंग	स्त्रीलाभ	ऊरु	वस्त्रलाभ
हस्त	सद्द्रव्यलाभ	गुदा	वाहनलाभ	जानु	शत्रुवृद्धि
नेत्रोर्ध्व	विजय	वृषण	पुत्रलाभ	जंघा	स्वामीप्रीति
पादोपरि	स्थानलाभ	पादतल	नृपत्वबृद्धि		

इन्हीं अंगों में तिल लसन मस्सा हो वा खुजली उठे तो भी यथोक्त फल जानना। पैर के तलुओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल या खाज हो तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

उत्पातफलचक्रम्

उत्पात	फल	उत्पात	फल	उत्पात	फल
दिग्दाह	वर्षा न हो	भूमिकम्प	प्रजा को भय	सर्वग्रह अतिचार	शुभ फल
धूल वर्षे	दुर्भिक्ष पड़े	पहाड़ टूटे	राजा की मृत्यु	मूसल निकले	युद्ध, महर्घता
पत्थर वर्षे	अकाल हो	वृक्ष टूटे	राजा को भय	धूम्रकेतु उदय	राजभंग करे
तारे टूटें	जनक्षय	उलटा ऋतु	रोग विशेष	२।३।४ शूलोद	राजनाश
बिजली टूटे	जल सूखे	आदमी के पशु हो	राजविघ्न	सुवर्ण पंक्ति	राजनाश
दिन अन्धेरा	प्रजाक्षय	ग्रहयुद्ध	राजाओं में विग्रह	तिकोणतारा	प्रजानाश
ग्रहस्पृति	अकाल	सूर्यचंद्र मंद पड़े	देशक्षय	वनपशु गांव बसे	मनु.शून्य हों
श्वेतमंडल	भय हो	कृष्ण मंडल	राज्य नाश	उल्लू बोले	गृह शून्य हो
पीतमंडल	रोग हो	धूम्र मंडल	बर्फ पत्थर पड़े	बांबी कबूतर-घर में बसे	गृहस्वा.नाश
नीलमंडल	वर्षा हो	बिना ऋतु फल	अन्न नाश		
रक्तमंडल	युद्ध हो	सूखीभूमिगीली	बहुत वर्षा	सू. चं. बिम्ब-अधिक देख पड़े	रोगभय
स्त्रीवध हो	दुर्भिक्ष पड़े	विप्र बालकवध	दुर्भिक्ष पड़े		राजनाश
देवध्वंस	राजनाश	सर्वग्रास	सब वस्तु महंगी	भूमिकम्प	दुर्भिक्ष
ग्रहास्तोदय	भयंकरवर्षा	भौमादिक वक्र	दुर्भिक्ष पड़े	१३ दिनका पक्ष	प्रजानाश

अथ वासरस्तैल तैलाभ्यंग फल विविधक

वाराः	सू.	च.	म.	बु.	बृ.	शु.	श.
फलम्	तापम्	सुकांति	मृति	श्रीः	वित्तहानि	विपत्ति	सुख सुभोग
पातन	पुष्पं	०	मृति	०	दूर्वा	गोमय	०

तैलाभ्यङ्गे वर्ज्यानि

तदात्राह—
रवौ भौमे व्यतिपाते संक्रांति वैधृतावपि। षष्ठ्यष्ट॰योश्च विष्टयां च, तैलाभ्यंगो नपर्वसु

विशेषः—यदि प्रतिदिन तेल लगाने का स्वभाव हो, अथवा उत्सव के दिन वा वात-रोग में तेल लगाने में दोष नहीं है। अभिमन्त्रित, औषधि में पकाया हुआ सरसों का तेल, सुगंधित तेल लगाने से किसी दिन दोष नहीं है।

काकस्पर्शादी फलम्—मस्तक पर काकस्पर्श धननाश, मरण तथा कलह करता है, कमर, कन्धे पर भी अशुभ होता है। स्त्री के मस्तक पर काक बैठना पति पुत्र का नाश करता है। वृक्ष के नीचे दही आदि के उत्तम भोजन के कारण काक का स्पर्श दोषकारक नहीं होता, किन्तु अकस्मात् स्पर्श दोष करता है॥ काकमैथुन का देखना छः मास के मृत्यु अथवा मृत्युतुल्य कष्ट वा इच्छित कार्य नाश करता है। इसके दोष दूर करने से निमित्त उड़द के आटे की काक प्रतिमा मृण्मयपात्र में स्थापन कर उड़द, चावल, घी, मीठा का नैवेद्य देवे, ग्राम से दक्षिण की ओर बाहर चौरास्ते पर गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, दक्षिणादि से पूजन कर मृत्युञ्जय का यथाशक्ति जप करे (या करावे) घृत-छाया-पात्र दान पञ्चगव्य से स्नान भी करे, इस विधान के करने से सम्पूर्ण दोष नाश होते है॥

अथ काक वचन फल विचारः—काकस्य वचनं श्रुत्वा पादच्छायां तु कारयेत्। त्रयोदशपदं दत्वा षड्भिर्भागं समाहरेत्॥ लाभच्छेदस्तथा सौख्यं भोजनं च धनागमम्। निश्शेषमरणं व्याधिरेतत्काकस्य लक्षणम्॥

कपोतः (कबूतर)—सिर पर गिरे वा स्व पालतू कबूतर के बिना अन्य कबूतर वा उल्लू गृह में चला जावे तो मृत्यु व मान स्थान हानि होती है, तद्दोष—निवृत्यर्थ दुर्गापाठ, होम सप्तधान्य दानादि करने से शान्ति हो॥

अथ स्वप्न-विचारः

स्वप्न ७ प्रकारका होता है, प्रथम दृष्ट (दिन में देखे हुए को देखना), द्वितीय श्रुत (सुने हुए का सुनना), तृतीय अनुभूत (जागृतावस्था में परीक्षा की हुई वार्ता को स्वप्न में देखना), चतुर्थ प्रार्थित (जागृतावस्थामें इच्छाकी हुई बात को देखना), पञ्चम कल्पित (दिन मे कल्पना की हुई वस्तु को देखना), षष्ठ भाविक (न देखी न सुनी उससे विलक्षण), सप्तम दोषज (वात, पित्त, कफ के दोष से)॥ पूर्वोक्त सात प्रकारों में से "दृष्ट, श्रुत, अनुभूत, प्रार्थित, कल्पित" ये पांच प्रकार के स्वप्न प्रायः निष्फल होते हैं। छठे भाविक स्वप्न का फल उत्तम मिलता है। सप्तम दोषज का फल रोगी के उत्तम मध्यम देखने में आता है। इतना विशेष है कि बहुत बड़ा तथा बहुत छोटा स्वप्न निष्फल होता है। सुज्ञजन को देखकर पुनः स्नानादि से शुद्ध हो देव या गुरु आदि के शुभ स्थान में जाकर किसी पूर्ण दैवज्ञ के सामने फल, पुष्प, दक्षिणा रखे, फिर स्वस्थ चित्त से स्वप्न का वर्णन कर शुभाशुभ तथा सामान्य फल का विचार करावे।

शुभस्वप्नाः——राजा विप्र, देवता, गुरु, श्वेत वस्त्र वाली स्त्री इनका दर्शन तथा आशीर्वाद मिलना। महल, पर्वत, सिंह अश्व, इन पर चढ़ना व दर्शन करना, रक्त से स्नान, रथ शय्यादि का ज्वलन, स्व शिर का छेदन, अपना मरण, वेदध्वनि, श्रवण रक्त पीत, पुष्प-दर्शन, दर्पण, प्राप्ति, दही चावल भोजन, जूआ, रण विवाद में अपनी जय, इन्द्र धनुष का देखना, मठा, कपास इन दो वस्तुओं को छोड़ कर अन्य सर्व श्वेत वस्तु स्वप्न में देखना धनैश्वर्य की प्राप्ति तथा कष्ट की निवृत्ति करता है। यदि कोई क्लर्क या मुन्शी यह स्वप्न देखें कि उसने दफ्तर के रजिस्टरों वा बहियों में बहुत गल्तियां की हैं तो उसे उसके मालिक से अच्छा काम करने की शाबाश वा तरक्की मिलेगी।

यदि स्वप्न में फल पुष्प सहित वृक्ष पर अथवा श्वेत वृषभ पर चढ़कर जाग जाय अथवा दक्षिण हाथ में श्वेत सर्प काट खावे तो निश्चय शीघ्र विशेष धन मिले। स्वप्न में बिच्छू या सर्प के जल में पैर पर काटने से रक्त निकल आवे तो विपत्ति दूर होकर सुख हो। श्वेत वस्त्र वाली स्त्री का स्नान करना, हाथों में हथकडी, पैरों में जंजीर का बन्ध पड़ना, नर या नारी के हाथ से जूती व खड़ाऊँ, छत्र, तीक्ष्ण तलवार का मिलना, टट्टी में सर्प का दीखना, अपने पर व भुजा के मांस को खाना, अगर कपूर पान का मिलना ऐसे स्वप्न दीखें तो लक्ष्मी की प्राप्ति व सुख मिले। मणि आदि पात्रों में भोजन करना, अपने शिर के मांस को खाना, राज्य लाभ करता है, गौ का ताजा दूध उसी वक्त पीना, सूर्यमण्डल का दीखना, अपना मरना दीखे तो रोगी पुरुष का रोग-नाश और नीरोग पुरुष को लाभ होता है। बगुला, मुर्गी, कुञ्ज का दीखना चतुर स्त्रीप्राप्ति का सूचक है। स्वप्न में रक्त व मद्य का पीना, विप्र को उत्तम विद्यालाभ अन्य आदि को धन प्राप्ति करता है। मांस, चरबी का खाना, विष्टा अपने अंग में लगाना श्वेत, चन्दन, श्वेत वस्त्र श्वेत पुष्पों से सुसज्जित अपनी देह व अन्य पुरुष की देह देखना लाभ करता है। हरी सब्जी व सुन्दर अन्न कोई घर पर आकर दे जाय तो भी लाभ हो। नदी, समुद्र में तैरना, तालाब में तैर कर पार जाना, सूर्योदय का देखना, कष्टनिवृत्ति करता है। ऊँचे मन्दिर पर चढ़कर आग लगी देखना या तारों का देखना भाग्योदय करता है, राजा गौ, ब्राह्मण को प्रसन्न देखना, पर्वत, वृक्ष, बगीचे, हरे सुन्दर फल संयुक्त देखना बिगड़े काम सिद्ध होंगे, ऐसा जानना। घर में किसी की मृत्यु पर सब रो रहे हों, तो लक्ष्मी और सुख मिले। बेड़ी पर चढ़कर पार होने से परदेश गमन हो। अगर कोई दुकानदार स्वप्न देखे कि ग्राहक उसके बिल चुकाय बिना भाग गया हो तो उसको समझ लेना चाहिये कि हमको रुपया कहीं से शीघ्र मिलेगा और नये ग्राहक भी बनेंगे। यदि किसी की बहन यह स्वप्न देखे कि उसके भाई पर भारी विपत्ति पड़ी है और उसकी जान खतरे में है तो यदि वह कुमारी है तो उसका किसी बड़े आदमी के साथ विवाह हो जावेगा, और यदि वह विवाहिता है तो उसके घर में सर्व प्रकार से सुख शांति रहेगी। शुभ स्वप्न के बाद सोने से स्वप्न निष्फल हो जाता है अतः सोवे नहीं।

अशुभ स्वप्नाः——लाल वस्त्र पहिरना, सूर्य चन्द्र का निस्तेज दीखना, तारों का टूटना अपने घर में हंस हंस के किसी स्त्री को मंगल गाते देखना, नीम पलास के वृक्ष पर चढ़ना, रुई कपास, तेल लोहा मिलना, इनसे संकट व मृत्यु हो। शरीर में तेल मलना या किसी द्वारा तेल से स्नान का होना मृत्यु व भारी कष्ट को सूचित करता है। शिर के सारे बालों का या मुख के दांतों का गिरना, द्रव्य या पुत्र का नाश क[illegible] स्थान में भोजन करना व किसी वस्तु को मांगकर ले जाना द्रव्य हानि वा कष्ट करता है। तैलपक्व गुलगुले तथा तांबे के पैसे मिलना रोग-कष्टसूचक है। अपनी स्त्री की कमीज को मरी स्त्री ले जावे तो पुत्र कष्ट या मृत्यु हो। हाथ, नाक का कटना, कीच (पंक) में फंसना, ऊँट, गधे भैंसे पर चढ़कर तैल मलकर दक्षिण दिशा को जाना और विवाह गीत मंगल सुनना, अपने घर को किसी के द्वारा गिराते हुए देखना, काले तथा रक्तवस्त्रवाली स्त्री का आलिंगन करना बन्दर, सर्प पर चढ़ना, श्राद्ध आदि पितृकार्यों का करना, भूत, प्रेत, चाण्डालों के साथ मिलना अथवा भूतादि द्वारा पकड़ा जाकर दक्षिण दिशा में जाना इत्यादि स्वप्न मृत्युकारक होते हैं नदी में डूबना अथवा नदी के प्रवाह में बह जाना, बिना ऋतु के वर्षा देखना, बाघ रीछ, गीदड़, बिलाव, भैंस, सर्प, मक्खी का दर्शन, पर्वत शिखा का तथा बड़े, महल ध्वजा का गिरते देखना अशुभ कष्ट व चिन्ताकारक है। गौ, हस्ती, देव, विप्र, इनके बिना सब काले रंग की वस्तु देखना अशुभ व चिन्ताकारक होती है। अगर "विधवा" स्त्री यह स्वप्न देखे कि उससे शादी करने का किसी ने सवाल किया है तो उस पर कोई सख्त बीमारी आवे, या मृत्यु होवे। कुत्ता शरीर पर कूद कर दांत से मांस काटे तो शत्रु गुप्तभाव से अनिष्टकरेगा।

स्वप्न का फल कब मिलेगा ?

रात्रि के प्रथम प्रहर का १ वर्ष में, द्वितीय का ८ मास में, तृतीय का तीन मास में तथा रात्रि के चतुर्थ प्रहर का एक मास में, अरुणोदय का १० दिन में तथा सूर्योदय से कुछ पहिले का स्वप्न तत्काल ही फल देता है।

अशुभ स्वप्न के दोष की शान्ति

दुष्ट स्वप्न के दोष को दूर करने के निमित्त मृत्युञ्जय का जप, होम, यथाशक्ति स्वर्ण तथा गोदान, अश्वत्थपूजन, विष्णुसहस्रनाम, गजेन्द्रमोक्ष व चण्डीपाठ, ब्राह्मण-भोजनादि करवाना चाहिये। अशुभ स्वप्नों को देखकर फिर तत्काल सो जाना भी दुस्वप्न के अनिष्ट फल को दूर करता है।

आयुर्निर्णय——१——लग्नेश अष्टमेश से तथा जन्मलग्न और चन्द्र पर से आयुष्य का निर्णय करे दोनों से एकवाक्यता न मिले तो जन्म लग्न होरा लग्न से आई आयु ठीक समझे चरे चरे, स्थिरे-द्विस्स्वभावे-दीर्घायुः। द्विःस्वभाव-द्विस्वभावे, चरे-स्थिरे मध्यायुः। स्थिरे स्थरे। चरे-द्विःस्वभावे-अल्पायुः।

२——११, १, ४, ७, १०, ५, ३, इन स्थानों में लग्नेश, अष्टमेश और दशमेश के पड़ने से दीर्घायु होती है। ३।४ में पापग्रह हों; पणफर में भी यदि पापग्रह हों तो मध्यायुः इसके अतिरिक्त अल्पायुः।

३——लग्नेश सूर्य का मित्र हो तो दीर्घायु, सम हो तो मध्यायु, शत्रु हो तो अल्पायु।

अंक प्रश्न तथा फल वर्णन

प्रश्नकर्ता से एक सौ आठ अंक के भीतर कोई एक अंक मुख से कहलावें या लिखवावें। उसमें बारह का भाग देकर पीछे यदि १।९।७ बचे तो देर से कार्य सिद्ध होवे। यदि ८।४ १०।५ बचे तो कार्यनाश होवे। ११ बचे तो सिद्धि, २ बचने से वृद्धि, ३।६।१२ (०) बचने से शीघ्र सिद्धि होवे यह फल कहे।

* अथ सर्वसाधारणोपयोगी प्रश्नः *

मित्र मिलाप प्र. १			मुकदमा प्र. २			यात्रा प्र. ३		
७	२	१	४	२	१	५	४	३
३	६	५	३	९	८	१	६	९
४	९	८	६	७	५	२	८	७
पशु लेने का प्र. ४			लाभालाभ का प्र. ५			नौकरी का प्र. ६		
२	१	३	७	६	५	१	५	८
४	५	६	६	८	९	७	३	६
७	९	८	२	३	१	९	४	२
विद्या परीक्षा प्र. ७			परदेशी प्र. ८			शत्रुनाश प्र. ९		
७	८	५	१	३	४	६	८	९
४	३	२	३	२	८	२	१	३
९	१	६	९	६	५	४	५	७

प्रश्नकर्ता पूत हुए ब्राह्मण आदि से पंचांग की पूजा करके जिस विषय का प्रश्न करना चाहे उसी विषय के चक्र के नवघरों में से किसी एक घर पर ईश्वरस्मरण करता हुआ अंगुली रक्खे, फिर उसी विषय के फल चक्र में उसी संख्या के सामने फल देख लेवे, यथार्थ फल मिलेगा। स्मरण रहे कि प्रश्न एक दिन में एक ही बार करना चाहिये, बार बार दिल्लगी से प्रश्न करने पर फल न मिलेगा।

मित्र मिलाप फल (१)
१ मित्र शीघ्र ही मिलेगा।
२ मित्र विश्वासघाती है।
३ मित्र कुछ विलम्ब से मिले।
४ मित्र धोखा देगा।
५ मित्र बड़ा सज्जन प्रेमी है।
६ मित्र [illegible] युक्त है।
७ मित्र अच्छा है शीघ्र मिलेगा।
८ मित्र मतलबी है।
९ मित्र दूसरे से मिलावट रखता है।

मुकद्दमे का फल (२)
१ मुकद्दमा देर से होगा।
२ मुकद्दमे में जीत होगी।
३ हाकिम ठीक न्याय नहीं करेगा।
४ कुछ कुछ जीत होगी।
५ विशेष खर्च करके जीत होगी।
६ कष्ट अधिक होगा।
७ तुम्हारी हार होगी।
८ सुलह हो जावेगी।
९ पंचायत मिलकर फैसला करेगी।

यात्रा का फल (३)
१ गमन मत करो, लाभ नहीं।
२ देशाटन में हानि लाभ बराबर हैं।
३ भूलकर भी मत जाओ, हानि होगी।
४ शुभ दिन में जाओ लाभ होगा।
५ देशाटन में कोई चमत्कार है।
६ शकुन विचारके गमन करो लाभ होगा।
७ यात्रा पीड़ाकारक होगी।
८ यात्रा में आराम मिलेगा।
९ यात्रा प्रबल हो पर खर्च विशेष होगा।

पशु लेने का फल (४)
१ पशु से पूरा लाभ होगा।
२ पशु से हानि लाभ सम।
३ पशु अभी खरीदो भला नहीं।
४ तेरा विचार ठीक नहीं है।
५ फायदा रहेगा तो सही।
६ आज कल पशु लेना देना बुरा है।
७ पशु मोल मत करो पछताओगे।
८ तेरा विचार विलम्ब से फलेगा।
९ लेना देना ठीक नहीं हानि लाभ सम।

लाभालाभ का फल (५)
१ इस माल से लाभ उत्तम होगा।
२ इस माल से लाभ कुछ न होगा।
३ यह काम घाटे का है।
४ चोरी या नुकसान का भय है।
५ साझी या व्यापारी दगा करेगा।
६ माल से सवाया लाभ होगा।
७ माल कुछ देर से लाभ देगा।
८ खरीदो मत, पड़ा है तो बेचो।
९ माल में गहरा नफा मिलेगा।

नौकरी का फल (६)
१ नौकरी जरूर मिलेगी।
२ देर से मिलेगी, धीरज धरो।
३ काम नहीं बनेगा, यत्न रखो।
४ खर्च करने से कार्य बनेगा।
५ यहां कुछ नहीं और फिकर करो।
६ ग्रह रुकावट करेंगे ग्रह दान दो।
७ किसी की सहायता से काम बनेगा।
८ इस विचार में अनेक विघ्न होंगे।
९ काम सिद्ध न होगा।

विद्या परीक्षाका फल (७)
१ अभी उत्तीर्ण होना दूर है।
२ विद्या से कुछ लाभ नहीं।
३ मनोकामना पूरी होवेगी।
४ विद्या सामान्य सफलता देवेगी।
५ विद्या ही परम लाभकारी होगी।
६ उत्तीर्ण होने में कष्ट होगा।
७ अच्छे दरजे में पास होवेगा।
८ विद्या से विशेष लाभ न हो।
९ विद्या लाभकारी न होगी।

परदेशी प्रश्न फल (८)
१ परदेशी शीघ्र ही आवेगा।
२ बीमारी से लाचार है।
३ मार्ग में थका आ रहा है।
४ दूर देशान्तरों में फिरता है।
५ रास्ते में ठहर गया है।
६ अभी मन में लौटने का नहीं है।
७ वह परदेश में ही प्रसन्न है।
८ खर्च में तंग है कैसे आवे।
९ परदेशी रवाना हो गया।

शत्रुनाश प्रश्न फल (९)
१ शत्रु दुष्ट है दमन न होगा।
२ शत्रु से तुम्हारी जीत होगी।
३ शत्रु द्वारा विशेष हानि होय।
४ मित्र की सहायता से जय हो।
५ शत्रु निर्बल हो गया डरो मत।
६ विश्वास न करो उससे भय है।
७ राज्य की सहायता से भय मिटे।
८ सुलह हो जावेगी।
९ शत्रु के कारण द्रव्यनाश होगा।

गुप्त चिंता का प्र० १०			कर्ज लेना देना प्र० ११			खेती करें या नहीं प्र० १२		
७	८	२	१	३	२	?	८	३
९	६	१	८	९	६	६	४	७
३	४	५	५	४	७	५	१	२
रोगी का प्र० १३			गर्भ में क्या है प्र० १४			चोरी गई का प्र० १५		
१	६	२	७	६	१	८	७	३
७	५	८	४	२	८	४	९	६
३	४	९	३	५	९	२	५	१
पुत्र गोद लेना प्र० १६			अनाज खरीद का प्र० १७			विवाह शादी प्र० १८		
३	५	६	८	७	५	५	४	३
४	१	८	९	४	३	२	१	६
२	९	७	२	१	६	८	९	७

रोजगार का प्र० १९		
६	७	९
३	४	८
१	५	२

गुप्त चिन्ता का फल (१०)
१ मन की इच्छा पूर्ण होगी।
२ काम बनने में कुछ देर है।
३ काम का नतीजा खराब होगा।
४ किसी का भरोसा न करो।
५ चिन्ता न करो काम बनेगा।
६ मन की मन ही में रहेगी।
७ तेरा दुःख से बाहर पड़ा है। ८ देरी से काम बनेगा।
९ चिन्ता सच्ची है किसी की मदद लो।

कर्ज लेने देने का फल (११)
१ यहां से कर्ज लेना देना अच्छा है।
२ पैसा देना भय है आगे नहीं रहे।
३ लेने देने का नतीजा खराब रहेगा।
४ लेन में मुश्किल होगी।
५ दिया सो खोया, लिया सो कमाया।
६ इस जगह हानि लाभ सम है।
७ लेने देने में कोई हर्ज नहीं।
८ अन्त समय [illegible] में आराम होगा।
९ नफा नुकसान बराबर रहेगा।

खेती करें या नहीं फल (१२)
१ खेती में लाभ रहेगा।
२ वर्षा थोड़ी होने का डर है।
३ खेती को कीड़े का भय है।
४ मनोकामना सिद्ध होगी।
५ [illegible] मेहनत [illegible] लाभ।
६ थोड़ी वर्षा पर सावधानी से।
७ खेती में [illegible] भय है।
८ [illegible] के कारण कुछ हानि होगी।
९ खेती में हानि रहेगी, मत करो।

रोगी का प्रश्न फल (१३)
१ यह रोग अधिक दिन तक रहेगा।
२ ग्रहदशा खराब है, शांति करो।
३ यह रोग ईश्वर प्रकोप का फल है।
४ चिन्ता न करो आराम होगा।
५ रोगी की आबोहवा बदली करो।
६ रोगी को पथ्य से रक्खो।
७ चिन्ता न करो, ९ दिन भारी हैं।
८ आराम हो जावेगा, पर खर्च अधिक है।
९ होनहार में किसी का वश नहीं चलता।

गर्भ में क्या है फल (१४)
१ इस गर्भ की कुशलता नहीं।
२ पुत्री का जन्म होगा।
३ शुभ लक्षण वाला पुत्र है।
४ लड़की होगी पर आयु कम।
५ गर्भ अधूरा रहे या बच्चा मरे।
६ पुत्र का जन्म होगा।
७ दीर्घायु पुत्र होगा।
८ जोड़ी [illegible] जन्मेगी।
९ लड़का लड़की जोड़े होंगे।

चोरी गई का फल (१५)
१ वस्तु शीघ्र मिलेगी, चोर घरही है।
२ खर्च करने पर माल मिलेगा।
३ पता पूरा लगे पर माल न मिलेगा।
४ चोर जबर है, माल न मिलेगा।
५ किसी की मदद से माल मिलेगा।
६ चोरने तेरी वस्तु और को दे दी।
७ माल आधा नष्ट हो गया।
८ माल नहीं मिलेगा आशा छोड़ो।
९ चोर छोड़ देगा तुम्हारा माल मिलेगा।

पुत्र गोद लेने का फल (१६)
१ गोद लेने से लाभ रहेगा।
२ यह लड़का वफादार नहीं।
३ लड़का खर्च करावेगा।
४ लड़का अच्छा नहीं है।
५ अच्छी निभेगी।
६ सावधानी से गोद लेना।
७ बेमुहब्बत निकलेगा।
८ घर में अनबन रहेगी।
९ बुराई नहीं है।

अनाज खरीद फल (१७)
१ अनाज में भारी लाभ होगा।
२ नफा टोटा समान रहेगा।
३ घाटा रहेगा।
४ अन्न के खराब होने का भय है।
५ साझी व्यापार न करें।
६ देर से बिकेगा।
७ अनाज में सवाये होंगे।
८ बेचना ठीक है, लेना मत।
९ प्रश्न फल अनुकूल है।

विवाह शादी का फल (१८)
१ विवाह देरी से होगा।
२ विवाह होगा पर स्त्री अच्छी नहीं।
३ विवाह न होगा।
४ विवाह जरूर होगा।
५ विवाह में रुकावटें होंगी।
६ किसी की खुशामद करो।
७ खर्च करो, काम बनेगा।
८ थोड़ा विलम्ब से होगा।
९ स्त्री गुणवाली मिलेगी।

रोजगार प्रश्न फल (१९)
१ रोजगार जल्दी ही अच्छा होगा।
२ विशेष परिश्रम करने से रोजगार होगा।
३ किसी प्रकार की ठेकेदारी करो।
४ जलमिट्टी कोयला से लाभ होगा।
५ अब इस व्यापार में हानि होगी।
६ दुश्मन नुकसान करेंगे सावधान।
७ रोजगार ठीक होने में देर है।
८ खोटे ग्रहकी दशा है अभी चुप रहो।
९ जो विचारा है वह पूर्ण नहीं होगा।

❁ अथ वर्षप्रवेश सारणीयम् ❁

गताब्द	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१
घटी	१५	३१	४६	२	१७	३३	४८	४	१९	३५	५०	६	२१	३७	५२	८	२३	३९	५४	१०	२६	४१	५७	१२	२८	४३	५९	१४	३०	४५	१	१६	३२	४७	३	१८	३४	४९	५	२१
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्द	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०
वार	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२
घटी	३६	५२	७	२३	३८	५४	९	२५	४०	५६	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	०	१५	३१	४७	२	१८	३३	४९	४	२०	३५	५१	६	२२	३७	५३	८	२४	३९	५५	१०	२६	४२
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

त्रिराशिपति चक्रम्

मे	वृ	मि	क	सिं	कं	तु	वृ	ध	म	कु	मी	राशयः
सू	शु	श	शु	वृ	चं	बु	मं	श	मं	वृ	चं	दि ल. प.
वृ	चं	बु	मं	सू	शु	श	शु	श	मं	वृ	चं	रा ल. प.

